शनिवार, 1 मार्च 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 34 – 23 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदयः 5:57 | सूर्यास्तः 17:40 |

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर



किसी भी न्याय प्रणाली को तभी सशक्त माना जाएगा जब वह वास्तव में समावेशी हो: राष्ट्रपति मुर्मू –पृष्ठ 7

सुविचार : जिसके पास धैर्य है वह जो चाहे वो पा सकता है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

हिंदुस्तान जन्नत का वह बगीचा हैं जहां तहजीब का हर रंग फला–फूलाः प्रधानमंत्री मोदी पृष्ठ 7

उत्तराखंड में हिमस्खलन में फंसे 57 मजूदरों में से 32 को बाहर निकाला गया पृष्ठ 7

## डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के बीच व्हाइट हाउस में तीखी बहस

# आप तीसरे विश्व युद्ध का जुआ खेल रहे : यूएस राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर रूस–यूक्रेन युद्ध पर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन को रूस के साथ युद्धविराम पर कॉम्प्रोमाइज करना होगा। युद्ध गलत दिशा में जा रहा है। रूस के साथ हमारी अच्छी चर्चा हुई है। दरअसल, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन में वर्षों से चल रहे युद्ध में संभावित संघर्ष विराम के लिए चल रही वार्ता के हिस्से के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खनिज सौदे पर चर्चा की।

हालांकि जेलेंस्की ने युद्धविराम का विरोध किया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई समझौता नहीं करेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस भी हुई। कीव पोस्ट के अनुसार जेलेंस्की ने ट्रंप युद्ध विराम का विरोध किया और कहा कि हमें सिर्फ युद्ध विराम की जरूरत नहीं है। हमने पहले भी ऐसा किया है। पुतिन ने 25 बार इसका उल्लंघन किया है, जिसमें आपके राष्ट्रपति काल के दौरान भी ये हुआ। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच ओवल ऑफिस में बहुत ही तीखी बहस हुई। जेलेंस्की ने वेंस से यूक्रेन आने को कहा और वेंस ने उन पर प्रचार यात्रा करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने जेलेंस्की से कहा, अभी आपके पास कार्ड नहीं हैं। आप तीसरे विश्व युद्ध का जुआ खेल रहे हैं।

## व्यापार युद्ध की आशंका से बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1,414 अंक लुढ़का

**भारी गिरावट से निवेशकों को नौं लाख करोड़ रुपये का नुकसान**

**मुंबई:** चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अमेरिका की घोषणा से शुक्रवार को दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई। इसके दबाव में घरेलू शेयर बाजार का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,414 और निफ्टी 420 अंक टूट गया। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। व्यापक बिकवाली के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,414.33 अंक यानी 1.90 प्रतिशत गिरकर 73,198.10 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,471.16 अंक गिरकर 73,141.27 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार आठवें दिन गिरावट को जारी रखते हुए 420.35 अंक यानी 1.86 प्रतिशत फिसलकर 22,124.70 पर बंद हुआ। इस भारी गिरावट से बीएसई सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को हासिल 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर से अब तक 12,780.15 अंक यानी 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। वहीं एनएसई निफ्टी 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से अब तक कुल 4,152.65 अंक यानी 15.80 प्रतिशत टूट चुका है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई जबकि इंडसइंड बैंक पांच प्रतिशत से अधिक नीचे रहा। इनके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले और मारुति भी प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल रहीं। सेंसेक्स की कंपनियों में से अकेले एचडीएफसी बैंक ही बढ़त के साथ बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर वैश्विक संकेतों से प्रभावित बिकवाली की धारणा के बीच घरेलू बाजार में भारी गिरावट देखी गई। यह गिरावट मुख्य रूप से कनाडा और मेक्सिको से अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की चिंता से हुई। इसके साथ ही चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया जाएगा। नायर ने कहा कि अब अमेरिका द्वारा यूरोपीय संघ से आयात पर भी शुल्क लगाए जाने की आशंका ने बाजार की घबराहट को और बढ़ा दिया है। ऐसे में निवेशकों की नजर भारत की जीडीपी वृद्धि के तिमाही आंकड़ों पर टिक गई है।

## आईआरसीटीसी मामला: लालू, अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत– सीबीआई

नयी दिल्ली : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत से कहा कि भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) में अनियमितताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी, बेटे और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई ने यह दलील विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दी, जिन्होंने लालू प्रसाद, उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बेटे एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा अन्य के खिलाफ मामले में आरोपों पर दलीलें सुनना शुरू किया। मामले में लगाए गए आरोपों में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार शामिल हैं, जिसके लिए अधिकतम सात साल की जेल की सजा हो सकती है।

## चीन हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा, लेकिन भारत हद निर्धारित करने में सक्षम: नौसेना प्रमुख

**नयी दिल्ली :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि चीन पिछले कुछ दशकों में हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाता रहा है और उसकी सेना के छह–आठ पोत किसी भी समय वहां मौजूद रहते हैं, लेकिन भारत हद निर्धारित करना जानता है, जो आधी से अधिक लड़ाई जीतने के बराबर है। एडमिरल त्रिपाठी ने यहां 'भारत 2047: युद्ध में आत्मनिर्भर' विषय पर आयोजित चाणक्य संवाद सम्मेलन में कहा कि भारत ने चीन को किसी भी ऐसी जगह पर नहीं आने दिया है, जहां ''हम नहीं चाहते कि वह आए''। उन्होंने कहा, ''चीन पिछले कुछ दशकों से हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अपनी मौजूदगी बढ़ाता रहा है, न केवल महासागरों में बल्कि ज़मीन पर भी। और पीएलए नौसेना, जो अब संख्या के हिसाब से सबसे बड़ी नौसेना है, समुद्री डकैती के खत्म हो जाने के बावजूद आईओआर में किसी भी समय 6–8 बहुत सक्षम युद्धपोत तैनात रखती है।'' नौसेना प्रमुख ने कहा, ''बहुत सारी चीजें घटित हो रही हैं। अच्छी बात यह है कि भारतीय नौसेना के रूप में हम पूरी तरह से जानते हैं कि क्या हो रहा है, कौन क्या कर रहा है, कहां और क्यों कर रहा है।''

## लंदन उच्च न्यायालय ने भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ संजय भंडारी की अपील स्वीकार की



**लंदन :** लंदन उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को संजय भंडारी की भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील मंजूर कर ली। रक्षा क्षेत्र के सलाहकार भंडारी पर कर चोरी और धनशोधन के आरोप हैं। लॉर्ड न्यायमूर्ति टिमोथी होलोयडे और न्यायमूर्ति करेन स्टेन ने पिछले साल दिसंबर में सुनवाई के बाद मानवाधिकार के आधार पर 62 वर्षीय व्यवसायी की अपील को स्वीकार करते हुए अपना फैसला सुनाया। अदालत ने अब नवंबर 2022 में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के आधार पर भारत में आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए तत्कालीन ब्रिटिश गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन के प्रत्यर्पण आदेश से उन्हें ''मुक्त'' करने का आदेश दे दिया है। भंडारी के अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रत्यर्पण वारंट की जमानत शर्तों से उनकी रिहाई के लिए प्रशासनिक कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। फैसले में कहा गया, ''उपलब्ध कराए गए सभी साक्ष्यों और सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए, जिसमें नए साक्ष्य भी शामिल हैं, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि तिहाड़ जेल में अपीलकर्ता (भंडारी) को अन्य कैदियों और/या जेल अधिकारियों से धमकी या वास्तविक हिंसा के साथ जबरन वसूली का वास्तविक खतरा होगा।''

# भारत, ईयू ने रक्षा और सुरक्षा साझेदारी पर काम करने का फैसला किया

**एफटीए को अंतिम रूप देने के लिए वर्ष के अंत तक की समय सीमा तय की**



**नयी दिल्ली :** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार को एक प्रमुख सुरक्षा और रक्षा साझेदारी पर काम करने का फैसला किया और क्षेत्र में चीन की सैन्य ताकत के प्रदर्शन के बीच वैश्विक कानून और संप्रभुता के सम्मान के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद–प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के तरीकों को तलाशा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच बातचीत में भारत–यूरोपीय संघ के रक्षा और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। वार्ता से पहले एक 'थिंक टैंक' को संबोधित करते हुए यूरोपीय आयोग की प्रमुख ने कहा कि प्रस्तावित सुरक्षा और रक्षा साझेदारी से दोनों पक्षों को सीमा पार आतंकवाद और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमलों जैसे साझा खतरों से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा भारत के साथ हमारी नयी रणनीतिक साझेदारी का मुख्य हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इसलिए मैं यह घोषणा कर सकती हूं कि हम जापान और दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी की तरह भारत के साथ भी भविष्य की सुरक्षा और रक्षा साझेदारी की संभावनाएं तलाश रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इससे हमें साझा खतरों का मुकाबला करने के लिए अपने काम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, चाहे वह सीमा पार आतंकवाद हो, समुद्री सुरक्षा के लिए खतरा हो, साइबर हमले हों या हमारे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले हों।'' वॉन डेर लेयेन ने कहा, ''यह न केवल हमारे संबंधित क्षेत्रों में स्थिरता के बारे में है। बल्कि यह हमारी आर्थिक सुरक्षा और अंततः हमारी समृद्धि को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।''

## एक अक्टूबर 2023 या इसके बाद जन्मे लोगों के लिए जन्म प्रमाणपत्र ही जन्मतिथि का एकमात्र प्रमाण: केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने पासपोर्ट नियमों में संशोधन किया है, जिसके तहत एक अक्टूबर, 2023 या इसके बाद जन्मे पासपोर्ट आवेदकों के लिए उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र ही जन्मतिथि का एकमात्र प्रमाण होगा। अधिकारियों के अनुसार, इस सप्ताह पासपोर्ट नियम 1980 में संशोधन को प्रभावी करने के लिए एक आधिकारिक नोट जारी किया गया। आधिकारिक राजपत्र में संशोधन प्रकाशित होने के बाद नए नियम लागू हो जाएंगे। नए मानदंडों के तहत, जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार, नगर निगम या जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत सशक्त किसी अन्य प्राधिकार द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र को 1 अक्टूबर, 2023 को या इसके बाद पैदा हुए व्यक्तियों के लिए जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

## मौसम विभाग ने मार्च में सामान्य से अधिक गर्मी होने का अनुमान जताया

**नयी दिल्ली :** मौसम विभाग ने शुक्रवार को कहा कि भारत में मार्च का महीना सामान्य से अधिक गर्म रहने की संभावना है तथा इस दौरान गर्म हवाएं भी चलेंगी। यह देश भर में गर्मियों के आगमन का संकेत है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डी. शिवानंद पई ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मार्च में प्रायद्वीपीय भारत के कुछ सुदूर दक्षिणी भागों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। पई ने कहा कि दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्र में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। मार्च के अधिक गर्म रहने का अनुमान इसलिए लगाया गया है क्योंकि देश में 1901 के बाद सबसे गर्म फरवरी रही थी, जब औसत तापमान 22.04 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य 20.70 डिग्री से 1.34 डिग्री अधिक था।

## बांग्लादेश: हसीना सरकार को अपदस्थ करने वाले छात्रों के मंच ने राजनीतिक पार्टी बनाई

**ढाका :** बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले छात्र समूह ने शुक्रवार को एक राजनीतिक दल के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि अब देश में भारत और पाकिस्तान समर्थक राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होगी। भेदभाव के खिलाफ छात्र (एसएडी) ने ढाका के माणिक मिया एवेन्यू में एक रैली आयोजित की और 'जातीय नागरिक पार्टी' या राष्ट्रीय नागरिक पार्टी (एन–सीपी) गठित करने का फैसला किया। इसके संयोजक जुलाई–अगस्त विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक नाहिद इस्लाम हैं। छात्र नेताओं ने इस कार्यक्रम में एक घोषणापत्र भी जारी किया, जिसमें कुछ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा वेटिकन और पाकिस्तान के राजनयिकों ने भी हिस्सा लिया।

## अर्थव्यवस्था की हालत सुधरी, दिसंबर तिमाही में वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली :** मुश्किल वैश्विक हालात में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.2 प्रतिशत रही। सालाना आधार पर वृद्धि दर सुस्त पड़ने के बावजूद तिमाही आधार पर बेहतर हुई है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर–दिसंबर तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.2 प्रतिशत बढ़ा जबकि जुलाई–सितंबर 2024 में वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत रही थी। इस तरह जीडीपी वृद्धि सात तिमाहियों के निचले स्तर से उबरने में सफल रही। हालांकि बीती तिमाही का वृद्धि आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024–25 की तीसरी तिमाही के लिए 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया था।

## टीसीएस मैनेजर ने पत्नी से परेशान होकर लगाई फांसी

**सुसाइड से पहले बनाया वीडियो**



**आगरा :** उत्तर प्रदेश के आगरा में भी बैंगलुरू में इंजीनियर अतुल सुभाष की तरह से पत्नी से तंग आकर आत्महत्या का मामला सामने आया है, जिसके बाद हड़कंप मच गया है आगरा में टीसीएस कंपनी में मैनेजर मानव शर्मा ने पत्नी से पीड़ित होकर सुसाइड कर ली मरने से पहले उसने वीडियो बनाया है जिसमें कई गंभीर आरोप लगाए हैं मानव ने अपना दर्द बयां करते हुए पुरुषों के बारे में भी सोचने की अपील की, उसने रोते हुए कहा कि मर्द बहुत अकेले रह जाते हैं वहीं पत्नी निकिता ने पति पर ही शराब पीकर मारपीट करने का आरोप लगाया है मामला सदर थाना क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी का है, जहां रहने वाले मानव शर्मा टीसीएस कंपनी में रिक्रूटमेंट मैनेजर के पद पर था मानव ने आत्महत्या से पहले 6.56 मिनट का वीडियो बनाया जिसमें उसने अपनी मौत के लिए पत्नी और ससुराल को दोषी ठहराया है इस वीडियो में उसके गले में फंदा बंधा हुआ है मानव ने कहा कि उसकी पत्नी के किसी और के साथ संबंध हैं वो मुंबई में अपने बॉयफ्रेंड के साथ रहती है वहीं आगे वो अपने माता–पिता और बहन से माफी मांगता है।

# भारत की नींव सनातन धर्म में निहित है : जगदीप धनखड़

**बोले : 'भारत को छोड़कर किसी भी देश की संस्कृति 5,000 वर्ष पुरानी नहीं'**

**उपराष्ट्रपति ने कहा... 'भारत सदियों से आध्यात्मिक केंद्र रहा हैं और इसे आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी'**



**कोलकाता, समाज्ञा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को भारत की गहरी आध्यात्मिकता और प्राचीन सभ्यता को रेखांकित करते हुए कहा कि देश की नींव सनातन धर्म में निहित है। धनखड़ ने कहा कि भारत अहिंसा, शांति और भाईचारे के अपने सिद्धांतों के कारण सदियों से दुनिया का पथ प्रदर्शक रहा है और एक दिन विश्व गुरु बनेगा। इस दिन, उपराष्ट्रपति कोलकाता में गौड़ीय मिशन के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु आचार्य श्रील प्रभुपाद की 150वीं जयंती के समापन समारोह में यहां साइंस सिटी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि सनातन धर्म का अर्थ है समावेशिता, सार्वभौमिक मूल्य और देशभक्ति। इसका अभिप्राय जाति, पंथ और आर्थिक भेदभाव से ऊपर उठना भी है। उन्होंने भारत की धरोहर का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व में भारत को छोड़कर किसी भी देश की संस्कृति 5,000 वर्ष पुरानी नहीं है। उन्होंने भारत की 5,000 साल से ज्यादा पुरानी संस्कृति को दुनिया में अद्वितीय बताया। उन्होंने कहा कि भारत सदियों से विश्व का आध्यात्मिक केंद्र रहा है और इसे आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस दौरान 1000–1200 साल पहले नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों पर हुए हमलों को लेकर भी अफसोस जताया, जो कभी वैश्विक ज्ञान के केंद्र थे। उन्होंने कहा कि भारत ने अकल्पनीय बर्बरता और विध्वंस देखा, लेकिन फिर भी हम उठ खड़े हुए। अब भारत इन चुनौतियों से उबरकर फिर से विकास और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है, जो आध्यात्मिक विकास के बिना संभव नहीं है। धनखड़ ने कहा कि विश्व भारत की आध्यात्मिकता और सभ्यता को श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, चैतन्य महाप्रभु और श्रील प्रभुपाद जैसी महान हस्तियों के कारण जानता है। इन विभूतियों ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का प्रचार किया। राष्ट्रीय आंदोलनों में बंगाल के योगदान और भूमिका का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने इसे हर महत्वपूर्ण आंदोलन का अग्रदूत बताया, चाहे वह आध्यात्मिक हो, सांस्कृतिक हो या स्वतंत्रता संग्राम। उन्होंने बंगाल को खुदीराम बोस, चित्तरंजन दास और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि बताते हुए कहा कि इनका योगदान राज्य और देश दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। समारोह में बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस और केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा पर्यटन राज्यमंत्री सुरेश गोपी भी उपस्थित थे। समापन समारोह में उपराष्ट्रपति के अलावा राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस, पर्यटन राज्यमंत्री सुरेश गोपी और गौड़ीय मिशन के आचार्य एवं अध्यक्ष संन्यासी गोस्वामी महाराज, सहायक सचिव भारती महाराज, सहायक सचिव ऋषिकेश महाराज उपस्थित रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों ने दो पुस्तकों नयनमंजरी और श्रीगौरा–वैजयंती का भी अनावरण किया गया।



## और बेहतरी के लिये हों शोध-अनुसंधान

सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों ने गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम पर महाकुंभ के दौरान डुबकी लगायी। एक भगदड़ की घटना में कुछ श्रद्धालुओं का असमय काल-कवलित होना दुखद ही था। कुछ अग्निकांड भी हुए। लेकिन यदि बात करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम में स्नान व उनके आने-जाने व रहने की व्यवस्था की हो तो योगी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है। रूस-अमेरिका जैसी महाशक्तियों की आबादी से अधिक जनसंख्या का प्रबंधन निश्चय ही एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे दौर में जब उपभोक्ता संस्कृति सिर चढ़कर बोल रही है, तब सनातन संस्कृति का ऐसा उफान चौंकाता है। जिसमें लोग तमाम कष्ट सहकर संगम में डुबकी लगाने को आतुर दिखे। त्याग-संयम से परिचित कराना कुंभ संस्कृति का उद्देश्य भी रहा है। इस तरह हमने अपने पुरखों की गौरवशाली विरासत का सम्मान किया। जिसमें सदियों से करोड़ों लोग बिना चिट्ठी-पत्री के स्वत:स्फूर्त भाव से कुंभ के मेले में जुटते रहे हैं। भारतीय संस्कृति में ऐसी क्या खासियत है? महाकुंभ जैसे इतने बड़े आयोजन कैसे सफलतापूर्वक होते हैं? यह देखने पूरी दुनिया के जिज्ञासु, विभिन्न धर्मों के अनुयायी, फोटोग्राफर और पत्रकार सदियों से महाकुंभ में जुटते रहे हैं। महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ ने पूरी दुनिया को युग-परिवर्तन की आहट और विशाल आयोजन की क्षमता से रूबरू कराया है। महत्वपूर्ण यह है कि तीर्थयात्रियों ने जिस तरह दिल खोल कर खर्च किया, वो निश्चय ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का तारणहार बनेगा। बताते हैं कि इससे प्रदेश की जीडीपी में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा। जो देश की तमाम देशी-विदेशी इनवेस्ट समिटों से कहीं ज्यादा ठोस आय का स्रोत बना है। कई गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इस महाकुंभ के नाम हुए। वीरवार को तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री योगी को सौंपे गए। विपक्ष, खासकर सपा व कांग्रेस कुंभ आयोजन को लेकर हमलावर रहे हैं। वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ के समापन पर कहा कि ये सरकारी महाकुंभ है। असली कुंभ तो माघ पूर्णिमा को ही संपन्न हो चुका था।

इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निस्संदेह, इतने बड़े जनसैलाब को संभालना किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। लेकिन भविष्य में महाकुंभ के आयोजन के लिये प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों से सबक लेने की जरूरत है। इस बात का वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि भगदड़ को कैसे टाला जाए। आखिर क्यों दो सौ- तीन सौ किलोमीटर के जाम लगते रहे हैं। कैसे ट्रेनों का संचालन बिना किसी व्यवधान के किया जाए। हालांकि, 16 नई ट्रेनें चलाने की बात कही गई, लेकिन तमाम स्टेशनों पर ट्रेन में चढ़ने के लिये मारामारी होती रही है। दिल्ली रेलवे स्टेशन का हादसा इसका ज्वलंत उदाहरण है। महाकुंभ के सफल आयोजन ने बताया है कि देश में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। देश में महाकाल कोरिडोर व काशी कोरिडोर की तर्ज पर चारों कुंभ स्थलों पर संरचना निर्माण की दिशा में सोचा जाना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ से प्रेरित होकर महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों की शुरुआत कर दी है। बहरहाल, महाकुंभ को सामाजिक समरसता के उत्सव के रूप में भी याद किया जाएगा, जहां जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषा की वर्जनाएं टूटती नजर आई। महत्वपूर्ण यह भी कि तीर्थयात्री तमाम कष्टों को सहते हुए सनातन संस्कृति में अटूट आस्था दिखाते रहे। महाकुंभ के समापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का झाड़ू लेकर सफाई में जुटना और सफाईकर्मियों के बीच अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ भोजन करना एक प्रशंसनीय प्रयास हैं। वहीं कुंभ आयोजन की रीढ़ रहे पुलिसकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, रोडवेज कर्मियों, सफाईकर्मियों को बोनस, छुट्टी और स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देना एक अनुकरणीय पहल है। इससे ऐसे आयोजनों के लिये नई ऊर्जा मिलेगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 मार्च, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वितिया, 24:10 तक , नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 11:14 तक, योग : साध्य, 16:17 तक, सूर्योदय: 5:57, सूर्यास्त: 17:40, चन्द्रोदय : 06:45, चन्द्रास्त: 19:07, शक सम्वत: 1945 सुभाकृत, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 08:55 से 10:22

## राशिफल

**मेष :** आज अपने अधिकारों का गलत उपयोग करने के कारण अपमान झेलना पड़ सकता है। सन्तुलित आहार और दिनचर्या जैसे नियमों का सख्ती से पालन करें।

**वृष :** आज नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। किसी निकटस्थ व्यक्ति से शुभ समाचार मिलेगा। जटिल कार्यों को आसानी से पूर्ण कर लेंगे। समाज में आपको लोकप्रियता मिलेगी।

**मिथुन :**आर्थिक योजना बनाने के लिये आज का दिन विशेष रूप से शुभ है। कारोबार में परम्परागत तरीकों का पालन करेंगे। घर में लोगों के चहेते बने रहेंगे।

**कर्क :** आज आपका स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। चापलूस लोग आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिये लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। कार्यक्षेत्र में काफी तीव्रता के साथ काम करेंगे।

**सिंह :** आज सुखद परिणाम प्राप्त होगा। दूसरों के दोष दर्शन में समय बर्बाद न करें। नौकरी पेशा लोगों को सावधानी से काम करना चाहिये। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कन्या :** आज व्यापार में बड़े प्रोजेक्ट्स मिलने के योग बन रहे हैं। परिवार में आपकी प्रेम और सामंजस्य अच्छा रहेगा। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को बड़ा पद मिल सकता है।

**तुला :** तुला राशि वालों को शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है। आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे। अच्छी बातचीत करने की कला से आपको सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज सामाजिक कार्यों में आपके योगदान की लोग काफी प्रशंसा करेंगे। बच्चों के प्रति आपका मोह बढ़ेगा। घर का वातावरण सुमधुर रहेगा।

**धनु :** आज बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। किसी प्रिय मित्र से सम्बन्धों में खटास आ सकती है। यात्रा के दौरान असुविधा होने की सम्भावना रहेगी।

**मकर :** आज करियर को लेकर खुशखबरी मिलेगी। उच्च अधिकारी उन्नति से काफी उत्साहित रहेंगे। घर के लिये नये सामान खरीद सकते हैं। अपने से बड़ों की बातें ध्यान से सुनें।

**कुम्भ :** आज नौकरी पेशा जातक पैसों को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। निवेश के लिये समय अच्छा है। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। घर में अनुशासन बनाये रखने का प्रयास करेंगे।

**मीन :** आज कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक होगी। घर की सफाई के दौरान कोई पुरानी लेकिन जरूरी वस्तु आपको मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव दूर होगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका




**कराची :** दक्षिण अफ्रीका अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में संघर्षरत इंग्लैंड पर जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगा। ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान इस दौड़ में शामिल हैं। अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से जीत दर्ज करके न सिर्फ इंग्लैंड को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर किया बल्कि अंतिम चार में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इन दोनों टीम के अभी तीन-तीन अंक हैं जबकि अफगानिस्तान के दो अंक हैं। इंग्लैंड की टीम को अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसकी टीम ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके अधिकतर खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। दूसरी तरफ इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी में जो रूट पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम बारिश से प्रभावित टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेल पाई है जिसमें उसने अफगानिस्तान को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था। इस मैच में रेयान रिकेल्टन ने शतक लगाया, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा, रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्क्रम ने अर्धशतक जमाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 315 रन बनाए और इसके बाद अफगानिस्तान को 208 रन पर आउट कर दिया।

## आईपीएल के दौरान ही खेली जाएगी पाकिस्तान सुपर लीग

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का 10वां टूर्नामेंट 11 अप्रैल से शुरू होगा जिसका पहला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड और दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जाएगा। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें दो एलिमिनेटर और 18 मई को होने वाला फाइनल शामिल है। पीएसएल कार्यक्रम की पुष्टि का मतलब है कि इसका आयोजन अधिक आकर्षक और धनाढ्य लीग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान किया जाएगा। आईपीएल 22 मार्च से 25 मई के बीच आयोजित किया जाएगा। पीएसएल में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में 13 मई को क्वालीफायर एक सहित 11 मैच होंगे। कराची का नेशनल बैंक स्टेडियम और मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम प्रत्येक पांच पांच मैचों की मेजबानी करेंगे।

## बटलर ने इंग्लैंड की सीमित ओवरों के प्रारूप की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की

**कराची :** जोस बटलर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच के बाद आठ टीमों के टूर्नामेंट से अपनी टीम के बाहर होने की जिम्मेदारी लेते हुए शुक्रवार को इंग्लैंड के सफेद गेंद प्रारूप के कप्तान का पद छोड़ने की घोषणा की। इंग्लैंड बुधवार को अफगानिस्तान से हारकर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया। टीम ग्रुप बी में शनिवार को अपने आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मैं इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ने जा रहा हूं। यह मेरे और टीम के लिए सही फैसला है।'' उन्होंने कहा,'' यह बिल्कुल स्पष्ट है। परिणाम की दृष्टि से यह टूर्नामेंट मेरी कप्तानी के लिए महत्वपूर्ण था। जाहिर है पिछले कुछ टूर्नामेंटों में खराब प्रदर्शन के बाद अब दो हार के साथ इस टूर्नामेंट से बाहर होने से मुझे लगता है कि यह शायद मेरे और मेरी कप्तानी के लिए रास्ते के अंत है, यह शर्मनाक है।''

# हर्ष दुबे ने रचा इतिहास, विदर्भ ने रणजी फाइनल की पहली पारी में केरल पर बनाई बढ़त



**नागपुर :** हर्ष दुबे (88 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन ने विदर्भ ने शुक्रवार को केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में तीसरे दिन पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल कर ली। हर्ष इसके साथ ही रणजी इतिहास में किसी भी गेंदबाज द्वारा एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रहे। इस युवा वामहस्त स्पिनर ने इस सत्र में अब तक 69 विकेट चटका कर 2018-19 में बिहार के आशुतोष अमन के 68 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। केरल के कप्तान सचिन बेबी (98) दो रन से शतक से चूक गये जबकि अनुभवी आदित्य सरवटे ने 185 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेली लेकिन विदर्भ के गेंदबाजों ने धैर्य बनाये रखते हुए केरल की पहली पारी को 342 रन पर समेट दिया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाये थे। सरवटे दिन के पहले सत्र में आउट हुए जबकि सलमान निजार (21) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (34) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। दुबे के साथ दर्शन नालकंडे (52 रन पर तीन विकेट) और पार्थ रेखाडे (65 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट लिए। हर्ष ने सरवटे को पहली स्लिप में कैच करा कर रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अपना 67वां विकेट हासिल किया। इसके बाद उन्होंने लंच से ठीक पहले निजार को पगबाधा आउट करके बिहार के आशुतोष अमन के एक सत्र में सर्वाधिक 68 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्हें हालांकि अपने तीसरे विकेट के लिए काफी पसीना बहना पड़ा।

## बंगाल की खबरें

# शिक्षक भर्ती घोटाला : आरोपितों ने 10वीं-12वीं के शिक्षकों के लिए भी उम्मीदवारों से ली रिश्वत

❑ **विभिन्न सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए बनाया था गिरोह**




**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई ने अपने चौथे आरोपपत्र में दावा किया कि तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी की कंपनी लिप्स एंड बाउंड्स के पूर्व अधिकारी सुजयकृष्ण भद्र, पूर्व तृणमूल नेता अरुण हाजरा, कुंतल घोष ने न केवल प्राथमिक बल्कि माध्यमिक (10वीं), उच्चतर माध्यमिक (12वीं) शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों के लिए भी नौकरी चाहने वालों उम्मीदवारों से रिश्वत ली थी। इतना ही नहीं, इन्होंने रेलवे तथा व्यावसायिक एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की नौकरियों के लिए भी उम्मीदवारों से वसूली की थी। सीबीआई ने आरोपपत्र में कहा है कि प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में सुजयकृष्ण ने 242 नौकरी चाहने वालों के नामों की सिफारिश की थी। उनमें से 61 को नौकरी मिली थी। सुजयकृष्ण द्वारा भेजी गई सूची को प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा सत्यापित किया गया था। सचिव ने उन 61 लोगों की पहचान की थी। इस भ्रष्टाचार में सुजयकृष्ण ने अरुण हाजरा को एजेंट नियुक्त किया था। अरुण ने प्राथमिक शिक्षकों, ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के शिक्षा कर्मियों, एसएससी के माध्यम से भर्ती किए गए शिक्षकों, व्यावसायिक शिक्षा और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों और रेलवे की नौकरी चाहने वालों से कुल 78 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। इसमें से 11.5 करोड़ रुपये प्राथमिक शिक्षक पदों के लिए सुजयकृष्ण को दिए गए थे। सीबीआई के आरोपपत्र में दावा किया गया है कि कुंतल घोष ने प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों की नौकरी के लिए उम्मीदवारों से 25 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। इस भ्रष्टाचार में पूर्व तृणमूल नेता शांतनु बनर्जी भी शामिल था। सीबीआई का दावा है कि सुजयकृष्ण, कुंतल व शांतनु ने मिलकर राज्य में विभिन्न सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए एक गिरोह बनाया था।

# रोजवैली चिटफंड घोटाला : ईडी ने पीड़ितों को लौटाए 2.29 करोड़ रुपये

❑ **3,652 जमाकर्ताओं को रिफंड के रूप में दिए गए 2.29 करोड़ रुपये**

❑ **अब तक 32,319 जमाकर्ताओं को कुल 21.98 करोड़ रुपये लौटाए गए**

**कोलकाता, समाज्ञा :** चिटफंड घोटाले में रोजवैली ग्रुप द्वारा ठगी के शिकार हुए 3,652 जमाकर्ताओं को 2.29 करोड़ रुपये लौटाए गए। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति दिलीप कुमार सेठ की अध्यक्षता वाली संपत्ति निपटान समिति (एडीसी) द्वारा अंतिम और पांचवें चरण में यह कार्य पूरा किया गया, जिसमें ईडी के अधिकारी भी शामिल हैं। ईडी ने शुक्रवार को बताया कि इस के साथ ही रोजवैली चिटफंड घोटाले में 32,319 जमाकर्ताओं को कुल 21.98 करोड़ रुपये लौटाए गए हैं। ईडी के बयान के अनुसार, उक्त संपत्ति निपटान समिति ने रोजवैली समूह की संपत्तियों की कुर्की, कब्जे और वितरण को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे बंगाल, ओडिशा और असम के हजारों पीड़ितों को संपत्तियों की वापसी में आसानी हुई और तेजी आई। केंद्रीय एजेंसी के बयान में कहा गया है कि ईडी की ओर से पुष्टि की गई कुर्क संपत्तियों का सर्वेक्षण और मूल्यांकन करने और रोजवैली समूह की कंपनियों के निवेशकों/पीड़ितों को वितरण के लिए संपत्तियों के त्वरित मुद्रीकरण की सुविधा प्रदान करने में एडीसी की सक्रिय रूप से सहायता कर रहा है। एजेंसी ने यह भी दावा किया कि आने वाले महीनों में आगे की प्रक्रिया जारी रहने की उम्मीद है क्योंकि एडीसी द्वारा अधिक दावों की जांच और सत्यापन किया जा रहा है। इसने यह भी दावा किया कि एजेंसी के अधिकारियों ने बंगाल, ओडिशा, असम और त्रिपुरा में फैली 494 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 1,069 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को सफलतापूर्वक कुर्क किया है, जिसमें अकेले बंगाल में कुर्क की गई संपत्तियों में 1,184 करोड़ रुपये का हिस्सा है। बता दें कि ईडी ने यह घोषणा कलकत्ता हाई कोर्ट सारधा चिटफंड घोटाले के मुख्य आरोपित सुदीप्त सेन के खिलाफ लंबित मामलों पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिए जाने के ठीक एक दिन बाद की है।

## टेंगरा कांड में प्रसून दे ने गुनाह कबूला, कहा... 'उसने ही पत्नी, भाभी व भतीजी की हत्या की'

❑ **परिवार ने वित्तीय समस्याओं के कारण आत्महत्या करने का किया था फैसला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतत: टेंगरा कांड में प्रसून दे ने पुलिस की पूछताछ में अपना गुनाह कबूल लिया और कहा कि उसने ही पत्नी रोमी दे, भाभी सुदेशना दे व भतीजी प्रियम्बदा दे की हत्या की थी। उसने पुलिस को बताया कि पहले उसकी पत्नी रोमी ने खुद अपनी कलाई काटने की कोशिश की थी। लेकिन, वह ऐसा नहीं कर सकी। तभी वह आया और रोमी के चेहरे पर तकिया रखकर उसकी कलाई की नस काट दी। बाद में उसने अपनी भाभी सुदेशना की कलाई की नस भी काट दी। पूरी घटना के दौरान उसके भाई प्रणय और उसका बेटा प्रतीप घर के ऊपरी कमरे में थे। प्रतीप का यह भी दावा है कि उसके चाचा प्रसून ने परिवार के तीन सदस्यों की हत्या की है। प्रतीप, उसके पिता प्रणय और चाचा प्रसून को फिलहाल एनआरएस अस्पताल में रखा गया है। वे अलग-अलग कमरों में पुलिस की निगरानी में हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि दे परिवार की दो बहुओं रोमी डे, सुदेशना डे और किशोरी प्रियम्बदा की हत्या की गई है। उसी सुबह, बाईपास पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें दे परिवार के दो भाई प्रणय, प्रसून और किशोर प्रतीप शामिल थे। पुलिस पूछताछ के दौरान दोनों भाइयों ने दावा किया कि उन्होंने और उनके परिवार ने वित्तीय समस्याओं के कारण आत्महत्या करने का फैसला किया।

## हरोआ में ग्रामीण अस्पताल में नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, कर्मचारी गिरफ्तार

❑ **ग्रामीणों ने घटना के विरोध में किया प्रदर्शन, अस्पताल में पुलिस की तैनाती**

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिला के हरोआ में ग्रामीण अस्पताल में इलाज करा रही नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास में अस्पताल के ग्रुप डी के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। कथित तौर पर, उसने इलाज करा रही नाबालिग को शौचालय में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में हडक़ंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अस्पताल में पुलिस तैनात की गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नाबालिग को बुखार और उल्टी की शिकायत के चलते पिछले बुधवार को हरोआ ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कथित तौर पर, सुबह से ही अस्पताल के ग्रुप डी के कर्मचारी ने कई शारीरिक जांच करने के बहाने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उसने शारीरिक परीक्षण की आड़ में नाबालिग को शौचालय में बुलाया और वहां उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। नाबालिग डर के मारे चिल्लाने लगी। उसकी चीख सुनकर आरोपित घबराकर मौके से भाग गया। बाद में, नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मालदह में नाका चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में हथियार बरामद, एक गिरफ्तार

**मालदह :** मालदह जिले के रतुआ थाना पुलिस ने नाका चेकिंग के दौरान बड़ी कामयाबी हासिल की है। नक्कटी पुल के पास तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने चार सेवन एमएम पिस्तौल बरामद की, जो मैगजीन और गोलियों से लोडेड थीं। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान रज्जाक शेख उर्फ टोटो (35) के रूप में हुई है। आरोपित मालदह जिले के बैष्णवनगर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है। मालदह के पुलिस अधीक्षक प्रदीप यादव ने शुक्रवार की दोपहर इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रज्जाक के पास से जब्त पिस्तौलों के अलावा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। प्राथमिक पूछताछ में उसके एक और साथी का नाम सामने आया है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हथियार कहां से लाए गए थे और इन्हें किन उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना था। मालदह जिला पुलिस ने हाल के दिनों में अपराध पर नकेल कसने के लिए कई सख्त कदम उठाए हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3019



➲ *बायें से दायें :-* 1) सूर्योदय, 3) असलियत, 7) सप्ताहान्त, 8) नासमझ, 10) महत्त्वहीन; लघुकाय; छोटा, 12) अदद; पर्वत; रत्न, 13) स्त्रीलिंगीय *(सजीव)*, 15) अल्पव्यय; बकाया; *सेविंग्स*, 17) बुद्धि, 19) एक *लैटिन* भाषा, 20) आरोग्यलाभ; छुटकारा; चैन; सांत्वना, 22) पदक, 23) एक पादत्राण, 24) नक़ली, 25) वह दैत्य जिसने स्वर्ण-हिरन बनकर सीता को धोखा दिया था *(रामायण)*, 27) वे और मैं, 29) ऊँचा गोलाकार स्तंभ, 30) न ऊँचा न नीचा; मैदानी, 31) सुगम; बोध्य *(भाषा)*, 32) प्रधान अभिनेत्री; *हीरोइन (सिनेमा, नाटक)*.

➲ *ऊपर से नीचे :-* 2) अपराध; कोई बड़ा कार्य, 3) अतापता; पतानिर्देश; संदर्भ, 4) तोता, 5) वृक्ष का धड़, 6) कपोल-कल्पित, 9) ख़ैरात; *डोनेशन*, 10) भारत का एक घटक राज्य, 11) दृष्टिकोण, 14) थानेदार, 15) कृष्ण, 16) काँटा, 18) स्वच्छंदी *(स्त्री)*; छबीली; एक रंगबिरंगे पंखोंवाला सुंदर कीड़ा, 21) मारे हुए और घायल, 24) गुप्तचर, 25) चुराना; पीटना; प्राण लेना, 26) रुचि; स्वाद-प्रेम, 28) खँडहर टीला, 29) दो कोस का फ़ासला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2979

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 4 | 8 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 5 | | | 2 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 4 | | 3 | 8 | | |
| 2 | | | | | | | 5 | |
| | 7 | | 1 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2978 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 |

# शुभेंदु अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर ममता की टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की ईमानदारी पर सवाल उठाया है और उन्होंने इस मामले पर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। भाजपा नेता ने कहा कि किसी अधिकारी की ईमानदारी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता यदि उसने अपनी नौकरी के तहत किसी विशेष विभाग या मंत्रालय में काम किया हो। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उन्होंने (ममता बनर्जी ने) राज्य में सभी संवैधानिक निकायों को निष्क्रिय कर दिया है और अब मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति पर सवाल उठा रही हैं, जो पारदर्शी तरीके से की गई है। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में राज्य भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को इस मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संबोधित एक लिखित ज्ञापन सौंपा। पत्र सौंपने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कुमार की ईमानदारी पर सवाल उठाया है। विपक्ष के नेता ने कहा कि प्रभारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष यह मांग भी रखी गई है कि जिलों में सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक डिजिटल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाए और उन्हें आश्वस्त किया जाए कि वे बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारियों और अन्य निर्वाचन अधिकारियों की ईमानदारी के बारे में निराधार आरोप लगाए हैं। विपक्ष के नेता ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से संबंधित मामलों में निर्वाचन आयोग सर्वोच्च प्राधिकारी है और जिलों में सभी अधिकारियों को निडरता और ईमानदारी से काम करना चाहिए। तृणमूल प्रमुख द्वारा पार्टी नेताओं से मतदाता सूचियों का सत्यापन करने को कहने पर, शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि किसी राजनीतिक दल को इसमें हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा नेताओं ने ज्ञापन में मांग की कि आयोग को बारीकी से निगरानी करनी चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मतदाता सूचियों से जुड़ी किसी भी गतिविधि में किसी आउटसोर्स एजेंसी का उपयोग न किया जाए। उन्होंने कहा कि हमने सीईओ से कहा है कि किसी भी हिंदी भाषी या मतुआ समुदाय के नागरिक का नाम अवैध रूप से मतदाता सूची से नहीं हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल एक लघु भारत है और देश के सभी हिस्सों के लोग राज्य में रहते हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य में मतदाता सूची में 16 लाख नागरिकों के नाम दोहरी प्रविष्टियां हैं। उन्होंने मांग की कि इन प्रविष्टियों को तत्काल ठीक किया जाए।

# तृणमूल सांसद ने जयशंकर के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का दिया नोटिस

**नयी दिल्ली/कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ अमेरिका से भारतीयों के निर्वासन के संबंध में छह फरवरी को उच्च सदन में दिए गए उनके बयान को लेकर विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। उल्लेखनीय है कि गत 6 फरवरी को जयशंकर ने राज्यसभा में एक बयान में कहा था कि भारत सरकार अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिन भारतीयों को वापस भेजा जा रहा है, उनके साथ गलत व्यवहार न हो। उन्होंने कहा था कि वैध यात्रियों के लिए वीजा को आसान बनाने के लिए कदम उठाते समय अवैध प्रवासन उद्योग पर कड़ी कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नोटिस



20 फरवरी को राज्यसभा सचिवालय को सौंपा गया और इसे राज्य सभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 187 के तहत दाखिल किया गया। सूत्रों के अनुसार, राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की उपनेता सागरिका घोष ने अपने नोटिस में कहा कि उच्च सदन में जयशंकर के बयान में भ्रामक और अधूरी जानकारी है, जो संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने सदन को सूचित किया था कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी सरकार से बात कर रही है कि वापस लौट रहे भारतीयों के साथ उड़ान में किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न हो, लेकिन निर्वासित भारतीयों के साथ और अधिक उड़ानें आ रही हैं, जो दुर्व्यवहार की गवाही देती हैं। सागरिका घोष ने कहा कि यह सदन में मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासनों के विपरीत है। तृणमूल सांसद ने निर्वासितों को पूरी यात्रा के दौरान हथकड़ी और बेड़ियों में बांधे जाने की खबरों और हिरासत केंद्रों में यातना और खराब परिस्थितियों के आरोपों की ओर इशारा किया। उन्होंने सरकार पर वीजा धोखाधड़ी पर नकेल कसने में विफल रहने का भी आरोप लगाया और कहा कि मंत्री ने अपने बयान में धोखाधड़ी वाले आव्रजन नेटवर्क की भूमिका के बारे में नहीं बताया। सागरिका घोष ने सभापति से मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का अनुरोध किया।

# किसानों के लिए खुशखबरी : राज्य सरकार आज से सीधे किसानों से 9 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदेगी आलू



**कोलकाता :** आर्थिक तंगी में आलू बेचने से बचाने के लिए राज्य सरकार अब सीधे किसानों से आलू खरीदेगी। इस योजना के तहत किसानों को प्रति क्विंटल 900 रुपये यानी 9 रुपये प्रति किलो की दर से भुगतान किया जाएगा। इससे आलू की खेती करने वाले किसानों को नुकसान का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कृषि विपणन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य सरकार 1 मार्च से 31 मार्च तक किसानों से 'ज्योति' किस्म के आलू की खरीद करेगी। किसान अपने आलू को सरकार को बेचने के लिए निर्धारित दस्तावेजों के साथ पंजीकरण करा सकेंगे। यह खरीद हिमगृह (कोल्ड स्टोरेज) प्रबंधन के माध्यम से की जाएगी। हिमगृह मालिकों को इस खरीद प्रक्रिया के लिए बैंकों से ऋण लेने की सुविधा भी दी जाएगी।

**❏ 12 जिलों में किसानों से होगी सीधी खरीद**

राज्य सरकार 12 जिलों से किसानों से सीधे आलू खरीदेगी, जिनमें पूर्व बर्धमान, हावड़ा, हुगली, पश्चिम मेदिनीपुर, झारग्राम, बांकुरा, बीरभूम, मुर्शिदाबाद, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर शामिल हैं।

एक किसान से अधिकतम 35 क्विंटल (लगभग 70 बोरी) आलू खरीदा जाएगा। कुल मिलाकर सरकार 11 लाख मीट्रिक टन आलू खरीदने की योजना बना रही है।

**❏ राज्य में आलू उत्पादन और सरकारी सहायता**

नवन्ना (राज्य सचिवालय) सूत्रों के अनुसार, इस साल राज्य में 140 लाख मीट्रिक टन आलू उत्पादन का अनुमान है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सीधे खरीदारी करने का निर्णय लिया है। किसानों से आलू खरीदने की प्रक्रिया बीडीओ (ब्लॉक विकास अधिकारी) की देखरेख में होगी, और संबंधित हिमगृहों की सूची बनाई जाएगी।

**❏ किन किसानों से खरीदे जाएंगे आलू?**

जो किसान सरकार को आलू बेचना चाहते हैं, उन्हें निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:

❏ कृषक बंधु योजना का पंजीकरण

❏ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)

❏ भूमि स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज

❏ बंगला शस्य बीमा योजना के तहत आलू की बीमा पॉलिसी

**❏ 7 जून से शुरू होगी आलू की बिक्री**

सरकार द्वारा खरीदे गए आलू 7 जून से बाजार में बेचे जाएंगे। हर सप्ताह 5% स्टॉक बिक्री के लिए जारी किया जाएगा। सरकार ने आलू के न्यूनतम बांड मूल्य को 1,062 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यदि बाजार में बांड का मूल्य गिरता है, तो सरकार हिमगृह मालिकों को मुआवजा देगी।

राज्य सरकार की इस पहल से किसानों को बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है और उन्हें अपनी उपज को औने-पौने दामों पर बेचने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

## आरजीकर मामाला : सीबीआई मुख्यालय में कानूनी टीम की निगरानी में पूरक आरोप पत्र की हो रही तैयारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जल्द ही कोलकाता की एक विशेष अदालत में आरजीकर त्रासदी से जुड़े मामले में पूरक आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी कर रही है। इस आरोप पत्र को नई दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय की एक विशेष कानूनी टीम की सीधी निगरानी में तैयार किया जा रहा है। सीबीआई की कोशिश है कि 17 मार्च से पहले यह पूरक आरोप पत्र दाखिल कर दिया जाए, क्योंकि उसी दिन सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले की अगली सुनवाई तय है। पूरक आरोप पत्र में मुख्य रूप से साक्ष्यों से छेड़छाड़ के पहलू को उजागर किए जाने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की रिपोर्ट, उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और जब्त किए गए विभिन्न मोबाइल सिम कार्ड की जांच के निष्कर्ष इस आरोप पत्र के आधार बनेंगे। इसी कारण, सीबीआई के वकील ने टाला थाना के पूर्व थाना प्रभारी अभिजीत मंडल द्वारा अपने मोबाइल सिम कार्ड की वापसी के लिए दायर अर्जी का विरोध किया। सीबीआई ने अदालत में दलील दी कि यह सिम कार्ड मामले का अहम साक्ष्य है और जांच के इस चरण में इसे लौटाना संभव नहीं है।

# खड़दह में गृहिणी पर एसिड अटैक, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के रहड़ा थाना अंतर्गत खड़दह की एक गृहिणी पर काम करते समय अचानक तेजाब से हमला किया गया। आरोप है कि एक पड़ोसी युवक ने अचानक उसके सिर और चेहरे पर तेजाब डाल दिया। शिकायत मिलने पर रहड़ा थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम सुजीत कुमार देबनाथ है। एसिड हमले की पीड़िता को बचा लिया गया और उसे बैरकपुर बीएन बसु उपजिला अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि उसके बाल और चेहरे का एक बड़ा हिस्सा जल गया है। फिलहाल, उसकी हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, एसिड अटैक की घटना शुक्रवार की दोपहर खड़दह नगरपालिका के वार्ड 2 स्थित एलपी कॉलोनी में हुई।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पीड़ित गृहिणी और आरोपी दोनों तारक दास नामक व्यक्ति के घर में किराए में रहते थे। गृहिणी अपने पति और बच्चे के साथ मकान में किराये के कमरे में रहती है। जबकि, आरोपी सुजीत कुमार देबनाथ बगल वाले घर में किरायेदार है। कथित तौर पर, इस दिन, दोपहर में गृहिणी आंगन में काम कर रही थी। तभी, बगल के मकान में रहने वाले किरायेदार सुजीत देबनाथ ने अचानक पीछे से गृहिणी के सिर और चेहरे पर तेजाब डाल दिया। एसिड अटैक में गृहिणी का चेहरा और सिर जल गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के कमरों से सभी लोग बाहर आ गए। वे घटना देखकर हैरान रह गए। तुरंत स्थानीय पार्षद चिन्मय कुमार दास को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे पार्षद ने तुरंत गंभीर हालत में पीड़िता को बैरकपुर बीएन बसु उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही, पार्षद ने इसकी सूचना रहड़ा थाने को दी। पुलिस तुरंत वहां गई और सुजीत को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़ित गृहिणी के पति ने सुजीत के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, परिवार और पड़ोसियों को यह पता नहीं है कि ऐसा क्यों हुआ। सुजीत और गृहिणी के बीच कोई पुराना रिश्ता या दुश्मनी थी या नहीं, यह कोई नहीं जानता।

## कैनिंग में जमीन दखल कर तृणमूल पार्टी कार्यालय बनाने का आरोप, हाईकोर्ट ने दिए जांच के निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कैनिंग में जमीन कब्जा कर तृणमूल पार्टी कार्यालय बनाने का गंभीर आरोप लगाया गया है। इस मामले में वकील ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें दावा किया गया कि दक्षिण 24 परगना जिले के इस इलाके में तृणमूल नेतृत्व द्वारा दबाव डालकर जमीन पर पार्टी कार्यालय का निर्माण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब भी विरोध किया जाता है, तो जान से मारने की धमकी दी जाती है। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को हुई, जिसमें जस्टिस तीर्थंकर घोष ने जीवनतला थाना के ऑफिसर इन चार्ज को निर्देश दिया कि वह यह सुनिश्चित करें कि वहां कोई अवैध गतिविधि हो रही है या नहीं। इसके साथ ही, जस्टिस ने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि शिकायतकर्ता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की धमकी या नुकसान न हो। अदालत ने हलफनामे के रूप में रिपोर्ट देने का आदेश भी दिया। शिकायतकर्ता और वकील कौस्तव ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर अस्थायी निर्माण किया जा रहा है। विरोध करने पर धमकी दी जा रही है। यह घटना जीवनतला थाना क्षेत्र की है और वे अब बासंती में रह रहे हैं। आरोप है कि उनका दो महीने का बच्चा भी फेंक दिया गया है। वे पुलिस से पिकेटिंग की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में राजनीतिक विवाद का आरोप लगाया है और कहा कि यह सभी घटनाएं राजनीतिक कारणों से हो रही हैं। पुलिस ने यह भी कहा कि अवैध निर्माण को लेकर कोई ठोस दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएं।

## 'ममता नमक हराम की राजनीति करती हैं', अधीर रंजन का ममता पर कटाक्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता का कहना है कि ममता बंगाल की राजनीति में 'नमक हराम' का ज्वलंत उदाहरण हैं। दरअसल, अधीर चौधरी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस की कृपा से 2011 में बंगाल में तृणमूल सरकार बनी जिसे 'नमक हराम' कहते हैं। कोई ऐसा व्यक्ति जो निजी लाभ के लिए किसी स्थिति का फायदा उठाता है, लेकिन बाद में उन लोगों को छोड़ देता है जिन्होंने उनकी मदद की थी। इसे हम 'नमक हराम गिरी' कहते हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मैं ये बात गलत भाषा में नहीं कर रहा हूं, मैं ये बात शुद्ध भाषा में कह रहा हूं। ममता बनर्जी बंगाली राजनीति में 'नमक हराम' का एक ज्वलंत उदाहरण हैं। 2011 में, सोनिया गांधी की मंजूरी और प्रणब मुखर्जी जैसे बड़े व्यक्ति के समर्थन के बिना, वह सत्ता में नहीं आ सकती थीं। अधीर रंजन ने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें वह सीट दी जो वह चाहती थीं क्योंकि हम उन्हें सत्ता में लाना चाहते थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'नमक हराम' की राजनीति करती हैं।



# माध्यमिक की तुलना में उच्च माध्यमिक परीक्षा देने वाली छात्राओं की संख्या में भारी गिरावट

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में इस साल राज्य बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा में बैठने वाली छात्राओं की संख्या में भारी गिरावट आई है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या छात्राओं में इस परीक्षा को लेकर रुचि कम हो रही है? यह सवाल इसलिए भी अहम हो गया है क्योंकि इस साल पश्चिम बंगाल काउंसिल ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन (डब्ल्यूबीसीएचएसई) द्वारा मार्च में आयोजित होने वाली उच्च माध्यमिक परीक्षा में बैठने वाली छात्राओं की संख्या पिछले साल पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी



एजुकेशन (डब्ल्यूबीबीएसई) द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में शामिल छात्राओं की तुलना में काफी कम है। राज्य शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में माध्यमिक परीक्षा में तीन लाख 42 हजार 902 छात्राएं शामिल हुई थीं। लेकिन, इस साल मार्च में होने वाली उच्च माध्यमिक परीक्षा में केवल दो लाख 77 हजार 992 छात्राएं ही पंजीकृत हैं। यानी, 64 हजार 910 छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी है। इसका मतलब है कि 2023 की माध्यमिक परीक्षा में शामिल छात्राओं की तुलना में इस साल उच्च माध्यमिक परीक्षा में बैठने वाली छात्राओं की संख्या 19 प्रतिशत कम हो गई है। इस गिरावट के पीछे प्रमुख कारणों में से एक छात्राओं का स्कूल छोड़ना बताया जा रहा है। कुछ छात्राएं अन्य बोर्ड में चली गई होंगी, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि बड़ी संख्या में लड़कियां माध्यमिक के बाद पढ़ाई छोड़ रही हैं।

इसका संकेत कन्याश्री योजना के आंकड़ों से भी मिलता है। बता दें कि यह योजना राज्य सरकार द्वारा छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जाती है, जिसमें हर महीने हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। 2023-24 शैक्षणिक वर्ष में इस योजना के तहत 20.69 लाख छात्राओं को मासिक भत्ता मिल रहा था। लेकिन, 2024-25 का शैक्षणिक वर्ष खत्म होने में महज एक महीना बचा है और अब तक इस योजना के लाभार्थियों की संख्या घटकर केवल 15.75 लाख रह गई है। राज्य सरकार ने 2025-26 के बजट में उच्च शिक्षा के लिए मामूली वृद्धि की है। इस बार, उच्च शिक्षा के लिए 6,593.58 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है, जो 2024-25 के 6,401.11 करोड़ रुपये से थोड़ा ही अधिक है। राज्य में लड़कियों की शिक्षा को लेकर ये आंकड़े चिंताजनक हैं और यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में छात्राएं माध्यमिक के बाद पढ़ाई क्यों छोड़ रही हैं?

## मुर्शिदाबाद में करोड़ों रुपये ब्राउन शुगर की तस्करी करते हुए मां-बेटे रंगे हाथ गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** ब्राउन शुगर की तस्करी करते हुए मां-बेटे को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 582 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य कई करोड़ रुपये है। आरोपियों के नाम मनोवारा बीबी और रॉकी शेख है। बताया गया है कि मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज थाने की पुलिस को गुप्त सूत्र से ब्राउन शुगर की तस्करी की सूचना मिली थी। जानकारी के अनुसार, एक महिला और एक युवक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के पास उमरपुर से गुजर रहे थे। उनके भारी मात्रा में ब्राउन शुगर था। इसी के तहत ब्लॉक प्रशासन की पहल पर रघुनाथगंज थाने की पुलिस ने गुरुवार की देर रात सर्च अभियान चलाया। तस्करों को बस में चढ़ने से पहले ही रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। उनके बैग की तलाशी



ली गई। जांचकर्ताओं को युवक के बैग में 267 ग्राम ब्राउन शुगर और महिला के बैग में 313 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। जिसका बाजार मूल्य कई करोड़ रुपये है। खबर यह है कि वे उत्तर बंगाल जाने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि ब्राउन शुगर किसे देने वाला था, या मां और बेटे से और कौन जुड़ा था। गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को जंगीपुर उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। जांचकर्ताओं का दावा है कि इस घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए आरोपियों से पूछताछ करना आवश्यक है। तो खबर यह है कि पुलिस उन्हें अपनी हिरासत में लेना चाहेगी।

## डाबर आंवला का 'मजबूती की त्रिवेणी' अभियान

**कोलकाता :** मजबूत, पोषित बालों का पर्याय बन चुके मशहूर ब्रांड डाबर आंवला ने कुंभ मेला 2025 में भारतीय महिलाओं की भावना और उनकी प्रेरक शक्ति का सम्मान किया है। पवित्र त्रिवेणी संगम, जहां तीन नदियां मिलती हैं, डाबर आंवला के नए अभियान, मजबूत की त्रिवेणी के लिए आदर्श पृष्ठभूमि के रूप में कार्य करता है, जो परंपरा, एकता और ताकत के बीच शक्तिशाली बंधन का जश्न मनाता है। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग प्रमुख अंकुर कुमार ने कहा, हम भारत के सबसे बड़े समारोहों में से एक कुंभ मेले में अपने अभियान को प्रदर्शित करने के लिए रोमांचित हैं, जो न केवल आध्यात्मिकता बल्कि लोगों की सामूहिक ताकत और एकता का प्रतिनिधित्व करता है।

## यूको बैंक ने एमएसएमई, कृषि और संसाधन मेला का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** यूको बैंक ने देश भर के 43 जोनों में दो दिवसीय एमएसएमई, कृषि और संसाधन मेला का आयोजन किया। यह आयोजन 24-25 फरवरी को आयोजित किया गया। इस कैंप के दौरान बैंक के मुख्यालय से उच्च अधिकारी सभी केंद्रों पर उपस्थित रहे और लाभार्थियों से बातचीत की। बैंक ने एमएसएमई और किसानों को 2000 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। इसके अलावा, इन कैंपों में 1000 करोड़ की नई सीएएसए जमा राशि भी जुटाई गई। यह राष्ट्रव्यापी पहल एमएसएमई, किसानों और जमाकर्ताओं को उनके जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज्ड वित्तीय समाधान प्राप्त करने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करती है। यह मेला यूको बैंक की व्यवसायों और व्यक्तियों के साथ जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला।

## सभी सीटें अपडेट कर नियुक्ति पत्र जारी किया जाए! फिर सड़क पर उतरे अपर प्राइमरी अभ्यर्थी

**कोलकाता :** कोलकाता में अपर प्राइमरी शिक्षक भर्ती को लेकर उम्मीदवारों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने फिर से सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि इंटरव्यू प्रक्रिया शुरू होने से पंद्रह दिन पहले तक सभी सीटों को अपडेट कर योग्य उम्मीदवारों को तुरंत नियुक्ति पत्र दिया जाए।



इस मांग को लेकर शियालदह से धर्मतला तक एक बड़ी रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए। इसके अलावा, कुछ अभिभावकों ने भी इस प्रदर्शन में भाग लिया और सरकार से पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग की। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले 978 दिनों से कोलकाता के शहीद मातंगिनी हाजरा की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि योग्य होने के बावजूद उन्हें लंबे समय से इंतजार कराया जा रहा है, जो सरासर अन्याय है। उन्होंने सरकार से अपील की कि बिना किसी देरी के सभी सीटों को अपडेट कर निष्पक्ष तरीके से भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाए। उनका कहना है कि वे केवल पारदर्शी नियुक्ति चाहते हैं, किसी तरह की विशेष सुविधा नहीं मांग रहे हैं। अभ्यर्थियों के इस आंदोलन के बाद अब सबकी नजर सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तारापीठ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**बीरभूम :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को बीरभूम जिले में स्थित प्रसिद्ध तारापीठ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान, उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी उनके साथ थीं। धनखड़ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि आज बीरभूम जिले में स्थित पावन तारापीठ मंदिर में मां तारा के दिव्य दर्शन कर अत्यंत धन्य महसूस कर रहा हूं। भारत की प्रगति, नागरिकों के कल्याण और विश्व के आनंद के लिए प्रार्थना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने लिखा कि मां तारा की कृपा से इस पूजनीय शक्तिपीठ में अपार आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा का अनुभव हुआ। यह पवित्र स्थल हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत और हमारे पवित्र कर्तव्यों से जोड़ता है। जय मां तारा! तारापीठ मंदिर से बाहर पत्रकारों से बातचीत में उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस पवित्र स्थल के दर्शन कर धन्य महसूस कर रहा हूं। यहां आकर नई ऊर्जा प्राप्त हुई जिसे मानवता के कल्याण में उपयोग करूंगा।

## अमरागढ़ी ग्राम पंचायत में पेयजल संकट खत्म, नए पंप हाउस का उद्घाटन



**हुगली :** अमरागढ़ी ग्राम पंचायत के घनश्यामचक और जनार्दनचक गांवों में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान हो गया। मंत्री पुलक रॉय के सहयोग से शुक्रवार को इन गांवों में एक नए पंप हाउस और ट्यूबवेल का उद्घाटन किया गया। 62 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस पंप हाउस का शुभारंभ अमता के विधायक सुकांत पाल ने किया। इस नई जल आपूर्ति व्यवस्था से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा और उन्हें स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी। उद्घाटन समारोह के दौरान स्थानीय लोगों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की और खुशी जाहिर की।

## मालदह डीपीएससी अध्यक्ष पर नियुक्ति मामले में अदालत के आदेशों की अवहेलना का आरोप

### अगले शुक्रवार को होगी अगली सुनवाई

**कोलकाता :** मालदह जिला प्राथमिक शिक्षा परिषद (डीपीएससी) के अध्यक्ष पर नियुक्ति मामले में अदालत के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगा है। इस संबंध में न्यायमूर्ति द्वारा मालदह डीपीएससी की अध्यक्ष बसंती बर्मन और स्कूल शिक्षा आयुक्त को शुक्रवार को अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया था। अदालत में नियुक्ति पैनल के बारे में दोनों अधिकारियों ने अलग-अलग जानकारी दी, जिसे देखकर जस्टिस राजशेखर मंथा बेहद नाराज हो गए और दोनों अधिकारियों की कड़ी आलोचना की। इसके बाद जस्टिस ने निर्देश दिया कि आयोग और डीपीएससी द्वारा अदालत में जमा किए गए हलफनामों की जांच की जाएगी। इस मामले की अगली सुनवाई अगले शुक्रवार को होगी, और उस दिन दोनों अधिकारियों को अदालत में शारीरिक रूप से उप-स्थित होने का आदेश दिया गया है।

अदालत के सूत्रों के अनुसार, 2009 की नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप में हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया था। यह मामला कोलकाता हाईकोर्ट के एक अन्य बेंच और सुप्रीम कोर्ट से होकर फिर से हाईकोर्ट में लौट आया था। शुक्रवार को आयोग ने अदालत को बताया कि 312 लोगों के नाम पैनल में प्रकाशित कर दिए गए हैं और उन्हें जल्द नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा। वहीं, डीप-ीएससी ने अदालत में बताया कि 245 लोगों की सूची वेबसाइट पर अपलोड की गई है, लेकिन इनमें से कोई भी 2010 का एडमिट कार्ड नहीं दिखा पाया और कई उम्मीदवार परीक्षा में बैठे ही नहीं थे। शिक्षा विभाग के दोनों अधिकारियों के अलग-अलग बयान और आंकड़ों को देखकर जस्टिस ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई।

## वीवो इग्नाइट 2025 को जबरदस्त सफलता ,भारत में कुल 37,000 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली/कोलकाता**

'वीवो इग्नाइट' को जबरदस्त सफलता मिली है। इसकी 660 से ज्यादा जिलों के 9,000 स्कूलों से 37,000 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं, जो भारत के कुल जिलों के 85% से ज्यादा को कवर करता है। नीति आयोग के 112 चयनित जिलों में से 80 जिलों ने इसमें भाग लिया।

यह पहल यंग इनोवेटर्स को सशक्त बनाकर उन्हें देशभर में ऐसे मंचों पर भाग लेने का मौका देती है, जिससे इसकी गहरी पहुंच और प्रभाव दिखता है।

वीवो इंडिया में कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी के हेड गीताज चन्नाना ने इस जबरदस्त सफलता पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, वीवो इग्नाइट: टीएंडआई पहल के तीसरे एडिशन को मिली सफलता भारत में यंगमाइंड में इनोवेशन की बढ़ती भावना का एक स्ट्रोंग रिफ्लेक्शन है।

केवल तीन वर्षों में, हमने भागीदारी में उछाल देखा है – पहले एडिशन में 3,000+ रजिस्ट्रेशन और 1,100+ प्रस्तुतियाँ से इस वर्ष 37,000 से ज्यादारजिस्ट्रेशन और 5,600 से ज्यादा प्रस्तुतियाँ।

यह ग्रोथसोशल चेंज को आगे बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के बढ़ते उत्साह का प्रमाण है।

## पलाशीपाड़ा में डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार की ही मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के पलाशीपाड़ा थाना अंतर्गत कुलगाछी इलाके में शुक्रवार को डंपर की चपेट में आने से एक बाइक सवार की ही मौत हो गई। मृतक की पहचान असरफ शेख (41) के रूप में की गई है। वह पलाशीपाड़ा थाना अंतर्गत कुलगाछी इलाके का निवासी था। पता चला है कि इस दिन, सुबह में असरफ शेख बाइक से व्यवसाय के लिए निकला था। कालीगंज थाना अंतर्गत बस स्टैंड के पास बालू लदे डंपर की चपेट में आने से असरफ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने सड़क जाम कर दिया तथा मुआवजे तथा घातक वाहन को जब्त करने की मांग की। बाद में, पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया।

## नाबालिगा से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कठोर कारावास की सजा

**कोलकाता :** राणाघाट अदालत ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। सूत्रों के अनुसार, हांसखाली थाना क्षेत्र के एक निवासी ने बोगुला इलाके में एक व्यायामशाला के अंदर लड़की से दुष्कर्म के वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के परिवार ने 29 जनवरी, 2022 को हांसखाली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया था। लगभग 3 वर्षों तक चली जिरह और विभिन्न गवाहों के बयानों के आधार पर, राणाघाट के अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश ने गुरुवार को आरोपी युवक को दोषी करार दिया। शुक्रवार को न्यायाधीश गुप्ता ने दोषी युवक को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लल्टू हलदर और सरकारी वकील अपूर्व कुमार भद्र ने शुक्रवार को पत्रकारों को इस घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## पूर्व रेलवे ने एटीवीएम और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में बढ़ायी जागरूकता



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों के बीच एटीवीएम और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाया। सियालदह मंडल के वाणिज्यिक विभाग ने सियालदह-बनगांव सेक्शन में यह अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों से सीधी बातचीत, लाइव डेमोंस्ट्रेशन और ऐप डाउनलोड करने और उसका उपयोग करने में मदद प्रदान की जा रही है। इसके लाभों में समय की बचत, कैशबैक प्रोत्साहन और टिकट काउंटरों पर निर्भरता में कमी शामिल है। इसके अलावा, बारासात में दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, ताकि वे कतार में खड़े हुए बिना टिकट खरीद सकें। इस अभियान का विस्तार विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में भी किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। सियालदह मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग करें, जिससे यात्रा अधिक प्रभावी बने और टिकट रहित यात्रा में कमी आए।

## पर्पल लाइन में भी शुरू हुई एक ही लेन-देन में मल्टीपल पेपर क्यूआर टिकट की सुविधा

**कोलकाता :** ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन-1 और 2 तथा ऑरेंज लाइन के बाद अब पर्पल लाइन में भी पेपर क्यूआर आधारित मल्टीपल टिकटिंग सुविधा शुरू कर दी गई है। यह सुविधा आज दोपहर यानी 28 फरवरी 2025 से लागू हो गई है।



अब कोई भी यात्री एक ही लेन-देन में अधिकतम 7 पेपर आधारित क्यूआर टिकट खरीद सकता है। इसके लिए आवश्यक किराया नकद या यूप-ीआई के माध्यम से भुगतान करके बुकिंग काउंटर से टिकट लिया जा सकता है। अभी तक किसी यात्री को एक समय में केवल एक ही पेपर आधारित क्यूआर टिकट मिलती थी।

इस नई सुविधा की शुरुआत के साथ ही बुकिंग काउंटरों पर प्रतीक्षा समय और कतार की लंबाई में काफी कमी देखी गई। यात्रियों ने इस नई सुविधा को लेकर खुशी जताई और इसे उपयोग में लेना शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि आज से यह सुविधा ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन-1 और 2 तथा ऑरेंज लाइन के सभी स्टेशनों पर भी शुरू कर दी गई है, जिससे मेट्रो यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। मेट्रो प्रशासन के इस कदम का यात्रियों ने स्वागत किया और कई लोगों ने बुकिंग काउंटरों से मल्टीपल पेपर आधारित क्यूआर टिकट खरीदना भी शुरू कर दिया।

मेट्रो रेलवे में डिजिटल लेन-देन पहले ही कुल लेन-देन का 30% पार कर चुका है और यह प्रवृत्ति इस महीने भी जारी है। इस नई पहल और यात्रियों के सक्रिय सहयोग से यह डिजिटल लेन-देन प्रणाली आने वाले दिनों में और अधिक लोकप्रिय होने की उम्मीद है।

मेट्रो प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे डिजिटल लेन-देन को अपनाएं और भीड़-भाड़ से बचने के लिए स्टेशन पहुंचने से पहले ऑनलाइन टिकट खरीदें, खासकर व्यस्त समय में लंबी कतारों से बचने के लिए।

## पूर्व रेलवे ने सियालदह-बारासात-हसनाबाद सेक्शन में चलाया विशेष टिकट जांच अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सियालदह-बारासात-हसनाबाद सेक्शन में एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। यह अभियान प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, डॉ. उदय शंकर झा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल बिना टिकट यात्रा को समाप्त करना था, बल्कि यात्रियों में यह जिम्मेदारी का अहसास भी जगाना था कि वे रेल मार्ग का ध्यान रखें, जो उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित यात्रा की सुविधा प्रदान करता है। इस विशेष टिकट जांच अभियान के दौरान कुल 624 मामलों को पकड़ा गया, जिसमें दोषियों से 1,77,620 का यात्रा किराया और जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा, बिना बुक किए गए सामान के 127 मामले और रेलवे परिसर में थूकने व गंदगी फैलाने के 45 मामले पाए गए, जिनमें क्रमशः 23,880 और 4,500 का जुर्माना लिया गया। इस अभियान में सियालदह मंडल के वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए और उन्होंने इस प्रयास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नदिया में पांच बांग्लादेशी घुसपैठिएं गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया के धनतला थाने की पुलिस ने पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ महीने पहले गिरफ्तार पांच बांग्लादेशी अवैध रूप से भारत में घुसे थे। वे अवैध रूप से फिर से बांग्लादेश भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन



धानतला थाने की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने एक विशेष सूत्र से मिली सूचना के आधार पर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पांचों बांग्लादेशियों को शुक्रवार को राणाघाट अदालत में पेश किया गया। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार पांच बांग्लादेशियों के नाम शाहिदुल इस्लाम (21), संजीव मोल्ला (28), संजीव मोल्ला, तारिकुल सिकदर और शुभ सिकदर है। ये सभी बांग्लादेश के गोपालगंज के निवासी है। वे कुछ महीने पहले अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे और अवैध रूप से बांग्लादेश लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## रत्ना-शोभन तलाक मामला : हाईकोर्ट ने सुनवाई टालने की याचिका को किया अस्वीकार

- **अलीपुर अदालत को शीघ्र निपटान का निर्देश**
- **रत्ना ने आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए कल्याण बनर्जी से माफी मांगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने रत्ना और शोभन चट्टोपाध्याय के तलाक मामले में सुनवाई को बेवजह टालने की याचिका को अस्वीकार कर दिया। जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य ने अलिपुर अदालत को शीघ्र निपटान का निर्देश देते हुए कहा कि अलिपुर अदालत के फैसले में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान रत्ना ने अशोभनीय टिप्पणी के आरोप में तृणमूल सांसद कल्याण बंद्योपाध्याय से माफी मांगी। न्यायमूर्ति ने रत्ना को शुक्रवार शाम 4 बजे तक माफी का हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। शोभन और रत्ना के वैवाहिक संबंध में कुछ साल पहले दरार आ



चुकी थी और उनका तलाक मामला अलिपुर अदालत में चल रहा था। रत्ना ने अदालत से अनुरोध किया था कि कुछ और लोगों के बयान लिए जाएं, लेकिन निचली अदालत ने उसकी याचिका खारिज कर दी। इस फैसले को चुनौती देने के लिए रत्ना ने हाईकोर्ट का रुख किया। वहीं शोभन के पक्ष में कल्याण बंद्योपाध्याय ने वकालत की। 21 फरवरी को शोभन चट्टोपाध्याय के तलाक मामले में कल्याण ने रत्ना के खिलाफ कड़ी दलील दी थी और उन्हें 'प्रभावशाली' बताते हुए कहा था कि वह सिर्फ ड्रामा करती हैं और उनकी वजह से तलाक केस में देरी हो रही है।

### हाईकोर्ट ने कल्याण बनर्जी की शिकायत पर रत्ना चट्टोपाध्याय से मांगा जवाब

तृणमूल कांग्रेस सांसद व वकील कल्याण बनर्जी को कथित रूप से धमकी देने के मामले में हाईकोर्ट ने तृणमूल विधायक रत्ना चटर्जी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने रत्ना से उनका पक्ष जानने के लिए जवाब देने का निर्देश दिया है। कल्याण बनर्जी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी कि रत्ना ने सार्वजनिक रूप से उन पर निशाना साधते हुए बयान दिया कि मैं तो कल्याण दा की सलाह पर ही तलाक नहीं दे रही। इस बयान को कल्याण ने अदालत की अवमानना बताते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान रत्ना के वकील ने तर्क दिया कि कल्याण बनर्जी ने भी उनके मुवक्किल के पिता के बारे में अनुचित टिप्पणी की थी। इस पर, न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने रत्ना के वकील को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि इस विवाद का असर मुख्य मामले की सुनवाई पर पड़ सकता है। गौरतलब है कि राज्य के पूर्व मंत्री और कोलकाता के मेयर रह चुके शोभन देव चट्टोपाध्याय ने अलीपुर अदालत में रत्ना चटर्जी से तलाक के लिए मामला दायर किया था, जिसमें अब तक दोनों पक्षों की गवाही हो चुकी है। रत्ना ने कुछ और गवाहों की गवाही की मांग की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। इसी फैसले को चुनौती देते हुए रत्ना हाई कोर्ट पहुंची थीं। मामले की सुनवाई के दौरान कल्याण बनर्जी ने शोभन का पक्ष लिया था, जिससे रत्ना नाराज हो गईं और उन्होंने मीडिया में बयान दिया। इसी बयान को कल्याण ने धमकी करार दिया और अदालत से हस्तक्षेप की मांग की।

## एनसीसी की 2 नेवल इकाई को लगातार दूसरे वर्ष मिला सर्वश्रेष्ठ यूनिट ट्राफी



**कोलकाता :** युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आकार देने की दिशा में चल रहे प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पश्चिम बंगाल और सिक्किम निदेशालय ने पिछले वर्ष एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों और इकाइयों को सम्मानित किया। मंगलवार को कोलकाता में एनसीसी के प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित भव्य समारोह में पूरे बंगाल और सिक्किम निदेशालय में सर्वश्रेष्ठ वायु/नौसेना इकाई का पुरस्कार एक बार फिर कोलकाता स्थित एनसीसी की 2 नौसेना इकाई को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित पश्चिम बंगाल और सिक्किम निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विवेक त्यागी और एनसीसी महानिदेशक मुख्यालय, नई दिल्ली से समारोह के लिए विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में आए एयर वाइस मार्शल पीवीएस नारायण ने 2 नौसेना इकाई के कमांडिंग आफिसर नासिर अहमद अजीज को सर्वश्रेष्ठ यूनिट ट्राफी प्रदान किया।

# एयरपोर्ट जाने वाले 3 रूट पर लगातार तीन दिनों से बसें बंद, यात्रियों को भारी परेशानी

**कोलकाता :** कोलकाता में 46, 46ए और 46बी रूट पर बस सेवा लगातार तीन दिनों से ठप है, जिससे हजारों यात्री भीषण परेशानी का सामना कर रहे हैं। इन रूटों पर चलने वाली 63 बसें पूरी तरह से बंद हैं। परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने शुक्रवार को इस मामले में हस्तक्षेप कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।



बता दें कि यह बसें एयरपोर्ट से बागुईआटी, केस्टोपुर, चिनार पार्क और कांकुड़गाछी होते हुए कॉलेज स्ट्रीट तक जाती हैं। हजारों यात्री रोजाना इस रूट पर सफर करते हैं, लेकिन बस सेवा ठप होने से उन्हें वैकल्पिक परिवहन साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

इन बस रूटों पर काम करने वाले 250-300 कर्मचारी हैं। बस मालिकों का आरोप है कि एक श्रमिक नेता के साथ विवाद के कारण बसें ठप हो गई हैं।

बस मालिकों का कहना है कि यह श्रमिक नेता बोनस के पैसे का गबन करता है और साथ ही कर्मचारियों से धमकी देकर जबरन पैसे वसूलता है। आरोप है कि इस डर से कोई भी बसकर्मी काम पर लौटने को तैयार नहीं है।

इस समस्या को लेकर बस मालिकों के संगठन ने राज्य परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। इससे नाराज बस मालिकों ने अनिश्चितकाल के लिए बस सेवा बंद रखने का फैसला किया है।

**❑ क्या बोले बस मालिक और कर्मचारी संगठन?**

बंगाल बस सिंडिकेट के सह-अध्यक्ष ने बताया कि लंबे समय से इस श्रमिक नेता के खिलाफ संघर्ष चल रहा है, लेकिन अब जाकर सभी बस मालिक और कर्मचारी एकजुट हो पाए हैं। इसी वजह से 63 बसों की सेवाएं रोक दी गई हैं।

**❑ परिवहन मंत्री ने दिया आश्वासन**

इस स्थिति को लेकर यात्रियों में गहरी नाराजगी है। लोग महंगे और असुविधाजनक परिवहन के कारण परेशान हैं। हालांकि, परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने इस मुद्दे को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया है। अब सभी की नजर सरकार के अगले कदम पर टिकी है।

## हावड़ा में व्यवसायी की आंख फोड़ने की घटना, आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में एक व्यवसायी मुक्तिकांता दास पर एक युवक ने हमला किया और उसकी आंखे फोड़ दी। इस घटना में आरोपी मो. फैसल (18) को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना शिवरात्रि के दिन शाम तकरीबन 7 से 7:30 बजे के बीच हुई, जब उड़ीसा के रहने वाले मुक्तिकांता दास अपने पूर्वजों के पुराने व्यवसाय को चला रहे थे। उन्होंने बताया कि फैजल नामक एक युवक ने करीब एक साल पहले उनकी दुकान से 400 रुपये का सामान उधार लिया था, जिसे उसने वापस नहीं किया। कई दिनों बाद, फैजल अपने दोस्तों के साथ दुकान पर आया और फ्रिज में रखी ठंडी बोतल निकाल कर सिगरेट की मांग की। इस पर मुक्तिकांता ने उसे रोका और कहा कि पहले उसका उधार चुकता करो, फिर सामान लो। इस पर गुस्साए फैजल ने ठंडी बोतल से मुक्तिकांता पर हमला कर दिया। वह इतनी जोर से प्रहार करता रहा कि दुकानदार की आंख से खून बहने लगा। घायल अवस्था में मुक्तिकांता को स्थानीय लोगों ने एक क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां से उसे हावड़ा जिला अस्पताल भेजा गया। बाद में, उसे कोलकाता के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि उसकी बायीं आंख पूरी तरह से डैमेज हो चुकी है, और वह जीवनभर उस आंख से नहीं देख सकेगा। डॉक्टरों ने पत्थर की आंख लगाने की सलाह दी। घटना के बाद, मुक्तिकांता दास ने स्थानीय पुलिस थाने में फैजल के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। साथ ही, उन्होंने पुलिस प्रशासन और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से न्याय की मांग की।

इस घटना पर भाजपा पश्चिम



बंगाल के उपाध्यक्ष संजय सिंह ने राज्य में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बंगाल में अब कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि बड़े व्यवसायों को भी डर है कि वे अपने व्यापार को यहां नहीं चला पाएंगे। बाहरी राज्यों से आने वाले लोग जैसे उड़ीसा, बिहार या उत्तर प्रदेश के लोग यहां रोजगार की तलाश में आते हैं, लेकिन उन्हें डर है कि कहीं वे सुरक्षित नहीं हैं। सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य में पुलिस प्रशासन भी सक्रिय नहीं है, जिससे व्यापारी और आम नागरिक दोनों असुरक्षित महसूस करते हैं।

वहीं, हावड़ा सिटी पुलिस के उच्च अधिकारी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि थाने में लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, महाप्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) बीआर-एचक्यू-केजीपी-24-25-31,** (i) "खड़गपुर मंडल के एएक्सईएन/बीआरएल/केजीपी के अधीन ड्रॉ. नं. आरडीएसओ/बी-11040 के अनुसार संपूर्ण बेयरिंग और बेड प्लेट सहित आरडीएसओ स्टैंडर्ड 20.4 मी. प्रतिबंधित ऊँचाई के गर्डरों का निर्माण और आपूर्ति।" (ii) "खड़गपुर मंडल के एएक्सईएन/बीआरएल/केजीपी के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्टील गर्डर पुलों का मेटलाइजिंग कार्य अर्थात एसएसई/बीआर/केआईजी शाखा में 6 ब्रिज, एसएस/बीआर/केजीपी-I शाखा में 15 ब्रिज और एसएसई/बीआर/केजीपी-II शाखा में 01 ब्रिज।" **निविदा मूल्य:** रु. 10,01,65,389.81, **बयाना राशि:** रु.6,50,800/-, **(2) बीआर-एचक्यू-केजीपी-24-25-32,** "निम्न पर साइड पाथवे (i) खड़गपुर मंडल के एएक्सईएन/बीआरएल/केजीपी के अधीन एसएसई/ब्रिज/केजीपी-I के अधिकार क्षेत्र में ब्रिज नं. 26 एसएल (11X45.6 एमजी) और 154 एसएल (3X30.5 एमजी) तथा खड़गपुर-भद्रक शाखा में 336 अप (6X12.2 एमजी) एवं एसएसई/बीआर/केजीपी-II के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर-टाटानगर शाखा के ब्रिज नं. 69 अप (4X18.3 एमजी)। (ii) खड़गपुर मंडल के एएक्सईएन/बीआरएल/केजीपी के तहत एसएसई/ब्रिज/केजीपी-II के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर-टाटानगर शाखा का ब्रिज नं. 53 अप (10X30.5 एमजी), तीसरी लाइन {53 (10X30.5 एमजी), 56 (1X30.5 एमजी), 66 (1X 30.5 एमजी), 69 (4X18.3 एमजी) और 94 (2X18.3 एमजी)} और एसएसई/ब्रिज/केजीपी-I के क्षेत्राधिकार में तमलुक-हल्दिया शाखा में 69 डाउन (2X18.3 एमजी+1X24.4 एमजी) और 69 अप (2X18.3 एमजी+1X24.4 एमजी) तथा एसएसई/बीआर/ केजीपी-II के क्षेत्राधिकार में खड़गपुर-टाटानगर शाखा में ब्रिज नं. 53 अप (10X30.5 एमजी) के टॉप कॉर्ड कार्य का सुदृढ़ीकरण।" **निविदा मूल्य:** रु. 11,76,60,399.64, **बयाना राशि:** रु. 7,38,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य प्रत्येक हेतु। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 27.03.2025, 11.30 बजे प्रत्येक हेतु। **समापन अवधि:** 18 माह प्रत्येक हेतु। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-1193)**

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को लगाई फटकार, पुलिस की नाकामी पर केंद्रीय बलों को तैनात करने की चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार को एक बार फिर कोर्ट में आलोचना का सामना करना पड़ा है। पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं, क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद ना तो कोई कदम उठाया गया और ना ही किसी को पकड़ा जा सका। 2023 में दिए गए आदेश के न लागू होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए हाईकोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष ने शुक्रवार को कहा कि अगर पुलिस नाकाम रहती है तो केंद्रीय बलों को तैनात किया जाएगा। यह मामला रानीगंज में एक बैंक द्वारा दर्ज की गई शिकायत से संबंधित है। बैंक ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने बैंक से लोन लिया था और जेसीबी मशीन खरीदने की कोशिश की थी, लेकिन लोन लेने के बाद उसने पैसे वापस नहीं किए। बैंक ने जब जेसीबी मशीन को जब्त करने की कोशिश की, तो पाया गया कि मशीन खरीदी ही नहीं गई थी। इसके बाद बैंक ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि रानीगंज थाना पुलिस को आदेश देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। 2023 में हाईकोर्ट ने रानीगंज पुलिस को आदेश दिया था कि वे इस मामले में कार्रवाई करें, लेकिन उस आदेश को लागू नहीं किया गया। इस पर शुक्रवार को जस्टिस घोष ने पुलिस की आलोचना करते हुए सवाल किया कि जेसीबी मशीन कहां है? आरोपी को क्यों नहीं पकड़ा जा सका? राज्य और पुलिस की भूमिका पर नाराजगी जताते हुए न्यायमूर्ति घोष ने कहा, आप भूल रहे हैं कि यह हाईकोर्ट का आदेश है। अब मैं केंद्रीय एजेंसियों को जिम्मेदारी दूंगा। अंत में, जस्टिस ने चेतावनी दी कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो सीआरपीएफ को तैनात कर आदेश लागू किया जाएगा। कोर्ट ने 10 मार्च तक का समय दिया है और इसे अंतिम मौका बताया है।

## शादी से तीन दिन पहले ड्यूटी के दौरान कांस्टेबल ने खुद को मारी गोली

### ग्रीन कॉरिडोर से कोलकाता ले जाया गया

**हुगली :** जिले में स्थित चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में तब हड़कंप मचा गया जब यहां एक पुलिस कर्मी ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी की कोशिश की। उक्त घटना अस्पताल के लॉकअप की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिसकर्मी का नाम हिमांशु माझी है। वह बांकुड़ा के निवासी उक्त पुलिस कांस्टेबल गुरुवार रात इमामबाड़ा अस्पताल में पुलिस लॉकअप की सुरक्षा में तैनात थे। अचानक उसने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से अपने सिर में गोली मार ली। पुलिसकर्मी घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की खबर मिलने के बाद चंदननगर पुलिस कमिश्नर अमित पी. जवालगी



अस्पताल पहुंचे। हिमांशु माझी की शादी तीन मार्च को होने वाली थी। वह चंदननगर पुलिस लाइन में तैनात थे और गुरुवार रात लॉकअप ड्यूटी पर थे। घटना के बाद उन्हें गंभीर हालत में चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल ले जाया गया, बाद में कोलकाता रेफर कर दिया गया। हिमांशु बांकुड़ा के हिरबांध थाना इलाके के बोरा अराल गांव के निवासी हैं, जहां उनकी शादी की तैयारियां चल रही थीं। पंडाल तैयार था और रिश्तेदार आने शुरू हो गए थे। परिवार और गांव वाले इस घटना से स्तब्ध हैं, क्योंकि हिमांशु को शांत, मिलनसार और प्रतिभाशाली माना जाता था। उनके सहकर्मी भी इस कदम के कारण को समझ नहीं पा रहे। सुबह खबर मिलते ही हिमांशु के माता-पिता चुंचुड़ा के लिए रवाना हो गए। स्थानीय लोग इस मामले की गहन जांच की मांग कर रहे हैं ताकि पता चल सके कि हिमांशु ने ऐसा क्यों किया और क्या वह किसी दबाव में थे। पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

**हावड़ा-अमृतसर-हावड़ा मेल अपने निर्धारित मार्ग पर चलेगी**

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के तहत माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-जंघई जंक्शन अनुभाग में माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, पिरथीगंज, माँ बाराही देवी धाम एवं गौरा स्टेशनों के बीच दोहरीकरण के लिए पूर्व नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य (दिनांक 06.03.2025 से 12.03.2025 तक) के कारण हावड़ा-अमृतसर-हावड़ा मेल के मार्ग परिवर्तन के संबंध में पूर्व प्रकाशित अधिसूचना के संदर्भ में, यह उल्लेख किया जाता है कि संबंधित **नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य स्थगित कर दिया गया है।** अतएवं, **13005/13006 हावड़ा-अमृतसर-हावड़ा मेल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.03.2025 से 11.03.2025 तक), जो पहले परिवर्तित मार्ग पर चल रही थी, **अब पुनर्बहाल कर दी गई है एवं अपने निर्धारित मार्ग पर चलेगी।** **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का निस्वार्थ सेवा कार्य प्रशंसनीय : डीआरएम



**❑ सियालदह मंडल ने नैहाटी भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ग्रुप दिवस मनाया**

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के भारत स्काउट्स एंड गाइड्स नैहाटी ग्रुप ने बच्चों द्वारा उत्साह और कौशल प्रदर्शन से भरे एक रंगारंग जीवंत कार्यक्रम के माध्यम से गुरुवार को अपनी 35वीं ग्रुप रैली और वार्षिक ग्रुप दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया। नैहाटी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सियालदह मंडल के डीआरएम दीपक निगम और पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ), सियालदह की अध्यक्ष गुंजन निगम उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में डीआरएम दीपक निगम ने कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संगठन है और यह देश के उभरते युवाओं के बीच जिम्मेदारियों और निस्वार्थ सेवाओं के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नैहाटी ग्रुप के विभिन्न सामाजिक कार्यों व गतिविधियों की जमकर प्रशंसा की। समारोह में नैहाटी ग्रुप के बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संगठन के मूल मूल्यों पर प्रकाश डाला गया, जो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और नैतिक रूप से समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

डीआरएम ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड नैहाटी ग्रुप युवाओं और बच्चों के बीच मूल्यों और सिद्धांतों को बढ़ावा देने वाले सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों में सालभर लगा रहता है। इसके अलावा, यह अक्सर बाढ़, दुर्घटना, भूकंप आदि के दौरान राहत कार्यों में भाग लेता है और प्राकृतिक आपदाओं के समय संकटग्रस्त और प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए आपदा प्रबंधन टीम का हिस्सा बनता है।

## हावड़ा में राष्ट्रीय एरोनॉटिकल खोज और बचाव अभ्यास (सारेक्स 2025) का दूसरा दिन संपन्न



**कोलकाता :** राष्ट्रीय एरोनॉटिकल खोज और बचाव अभ्यास (सारेक्स 2025) का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभ्यास में एक पूर्ण पैमाने पर खोज और बचाव ऑपरेशन किया गया, जिसमें विमान संकट की स्थिति का अनुकरण किया गया। यह अभ्यास कोलकाता रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तहत आयोजित किया गया। 28 फरवरी को उलुबेरिया, हावड़ा में फील्ड अभ्यास हुआ, जिसमें एएआई की क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक निवेदिता दुबे, कार्यकारी निदेशक (एयर स्पेस मैनेजमेंट) टी.एफ. मूसा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह अभ्यास एएआई द्वारा भारत में एसएआर तैयारियों और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

**Name Change**

I, Pranab Guha Ray, son of Late Satya Ranjan Guha Ray, residing at 2/68, Gandhi Colony, P.O.-Regent Estate, Tollygunge, Kolkata-700092, do hereby solemnly affirm and declare that Pranab Guha Ray and Pranab Kumar Guha Ray are the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 10th February 2025.

**Name Change**

I, SAMI KHAN, son of MASOOD KHAN residing at 295/2R, A.P.C. Road, Kolkata-700009, do hereby solemnly declare that my mother's actual and correct name is "NASIMA KHATOON", vide affidavit sworn before the 1st Class Judicial Magistrate at Alipore Court, 24 Parganas (S), Affidavit No. 2070 on 27th February 2025. I also affirm that NASIMA KHATOON and NASEEMA KHATOON is the same and one identical person (Mother of SAMI KHAN).

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 (नीलामी संचालनकारी अधिकारी) द्वारा सियालदह मंडल के तहत पार्किंग लॉटों के संचालन के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया गया है। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएआरके-एमएआर-25-91; **सिक्वेंस सं., लॉट सं., स्टेशन** क्रमशः निम्नलिखित हैं: (एए/1) पार्किंग-एसडीएएच-बीएनजे-टीडब्ल्यू-25-25-1; बनगाँव जंक्शन। (एए/2) पार्किंग-एसडीएएच-जीयूएमए-टीडब्ल्यू-72-25-1; गुमा। (एए/3) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-111-25-1; जगद्दल। (एए/4) पार्किंग-एसडीएएच-एजी-टीडब्ल्यू-229-25-1; आड़ंघाटा। (एए/5) पार्किंग-एसडीएएच-आईपी-टीडब्ल्यू-87-25-1; ईछापुर। (एए/6) पार्किंग-एसडीएएच-एनबीई-टीडब्ल्यू-152-25-1; न्यू बैरकपुर। (एए/7) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-110-25-1; जगद्दल। (एए/8) पार्किंग-एसडीएएच-एनएआई-टीडब्ल्यू-345-25-1; नंगी। (एए/9) पार्किंग-एसडीएएच-जीयूएमए-टीडब्ल्यू-73-25-1; गुमा। (एए/10) पार्किंग-एसडीएएच-आईपी-टीडब्ल्यू-88-25-1; ईछापुर। (एए/11) पार्किंग-एसडीएएच-एलकेपीआर-टीडब्ल्यू-125-25-1; लक्ष्मीकांतपुर। (एए/12) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-102-25-1; जगद्दल। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 17.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे। प्रत्याशित बोलीदाताओं से आगे के विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (SDAH-368/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## इंडियावुड 2025 : लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**कोलकाता, समाज्ञा :** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। न्यूर्नबर्ग मेस्सी के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। न्यूर्नबर्ग मेस्सी इंडिया के प्रबंध निदेशक सोनिया प्रशर ने कहा - 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62% हिस्सा बनाती है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है। इसका अधिकांश हिस्सा इंडियावुड में मिलने वाले अवसरों द्वारा प्रेरित है।

## आशीर्वाद सोया चंक्स के लिए नया टीवीसी लॉन्च

**आसनसोल :** सोया चंक्स को व्यापक रूप से प्रोटीन के पावरहाउस के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसकी सूखी और चबाने में कठिन बनावट अक्सर कई लोगों के लिए बाधा बन जाती थी। इसे देखते हुए, ब्रांड ने आशीर्वाद सोया चंक्स की लॉन्चिंग के साथ, जूसी और फ्लेवर से भरपूर चंक्स पेश करके इन चिंताओं को दूर कर दिया हैं। इसकी छिद्रयुक्त बनावट अधिक मसाले सोखने में मदद करती है, जिससे यह और भी स्वादिष्ट और जूसी बन जाता है। आशीर्वाद ने सुभाश्री गांगुली और राज चक्रवर्ती की जोड़ी के साथ आशीर्वाद सोया चंक्स के लिए अपना नया टीवीसी लॉन्च किया है।

## एएससीआई और ऑनलाइन गेमिंग उद्योग की साझेदारी, विदेशी सट्टेबाजी के विज्ञापनों से उपभोक्ताओं की सुरक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऐड्वर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने विदेशी संस्थानों की गैरकानूनी सट्टेबाजी और जुए से संबंधित विज्ञापनों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एएससीआई ने फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस), ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) और ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू 2 जनवरी 2025 से प्रभावी है और इसका उद्देश्य विदेशी सट्टेबाजी और जुए के विज्ञापनों की निगरानी करना है। इस साझेदारी के तहत एक विशेष निगरानी प्रकोष्ठ (मॉनीटरिंग सेल) का गठन किया गया है, जो इन विज्ञापनों की जांच करेगा और संबंधित मंत्रालयों को रिपोर्ट करेगा।

## पूर्व रेलवे ने मालदह डिवीजन के 15 प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेन संकेत बोर्ड किए स्थापित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं और स्टेशन संरचना को सुधारने के लिए लगातार कार्य किया जाता है। इसके तहत, मालदह डिवीजन ने 15 प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेन संकेत बोर्ड (टीआईबी) सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं। जिससे यात्रियों को वास्तविक समय में ट्रेन जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी। इन स्टेशनों में मालदह टाउन, न्यू फरक्का, जंगीपुर रोड, बारहवारा, साहिबगंज, पीरपैंती, शिवनारायणपुर, काहलगांव, सबौर, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, बांका और गोड्डा शामिल हैं। ये डिजिटल बोर्ड्स वास्तविक समय में ट्रेन से संबंधित जानकारी प्रदान करते हैं, जैसे ट्रेन का समय, प्लेटफॉर्म नंबर, देरी और रद्दीकरण की जानकारी, जिससे यात्रियों को महत्वपूर्ण यात्रा अपडेट्स आसानी से मिल सकें। इन गतिशील बोर्ड्स को स्टेशनों पर इस प्रकार रणनीतिक रूप से लगाया गया है कि इससे भ्रम को कम किया जा सके और यात्रियों के संचालन में सुविधा हो। इस पहल के साथ, पूर्व रेलवे का मालदह डिवीजन अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए लाखों यात्रियों को निर्बाध और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान कर रहा है।



**TENDER NOTICE**

E-Tender for "Construction of Additional Classroom, Dining Hall and Additional Girls Toilet at Basanti JB School' under Jurisdiction of Basanti Dev. Block has been invited by the undersigned, details of which as noted below:-
Bid Submission Start Date: -28.02.2025
Bid Submission Closing Date: 13.03.2025
Details can be collected from the website https://wbtenders.gov.in & office Notice Board.

Sd/-
**Executive Officer**
Basanti Panchayet Samity
South 24-Parganas

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं.:** पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/06, **दिनांक: 28.02.2025 "ई"-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए निविदा,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डेन रीच रोड, कोलकाता-700043 के द्वारा खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड कर दी गई हैं। सभी निविदाएँ 14.00 बजे बंद की जाएंगी। **क्रम सं., निविदा सं., नियत तिथि, संक्षिप्त विवरण, परिमाण और बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **1. 29243297बी,** 12.03.2025, एमबीबी आधारित ग्रैफिकल ड्राइवर डिस्प्ले यूनिट, 41 अदद, रु. 2,25,660/-, **2. 29255003,** 18.03.2025, माउंटिंग एक्सेसरीज के साथ मेन कम्प्रेशर, 26 सेट, रु. 2,57,410/-, **3. 25255001,** 20.03.2025, माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्पीड कम एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम, 40 अदद, रु.2,27,460/-, **4. 29255002,** 24.03.2025, मेन कम्प्रेशर (ऑयल लुब्रिकेटेड), 78 सेट, रु.12,65,130/-, **5. 29245018ए,** 26.03.2025, 3 फेज लोकोमोटिव का भेल प्रोपल्शन सिस्टम,16 अदद, रु.2,39,450/-, **6. 29243044,** 09.04.2025, पेडस्टल असेंबली के साथ ड्राइवर का सीट, 299 अदद, रु.2,13,240/-, **7. 33253040,** 26.03.2025, जेनरेटर कार (आउटर) के लिए प्राइमरी स्प्रिंग, 1000 अदद, रु.3,25,350/-, **8. 60250010,** 19.03.2025, 6 मिमी. मोटे नाइलन कॉर्ड का निर्माण एवं आपूर्ति आदि, 2500 सेट, रु.9,44,000/-, **9. 60250053,** 27.03.2025, कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेटों आदि का निर्माण एवं आपूर्ति, 1000000 अदद, रु. 8,99,200/-, **10. 60250011,** 28.03.2025, 6 मिमी. मोटे नाइलन कॉर्ड का निर्माण एवं आपूर्ति आदि, 1896 सेट, रु.5,36,950/-, **11. 38251536,** 18.03.2025, 6 आइटमों से संलग्न एमके-50 हाई कैपासिटी ड्राफ्ट गियर के लिए पीओएच किट-2, 73 सेट, रु. 1,35,990/-, **12. 38253333,** 26.03.2025, अप-ग्रेडेड एचटी-सीबीसी के लिए लॉक आदि, 26400 अदद, रु. 9,86,900/-, **13. 56255014,** 17.03.2025, ई-पी5 सबरैक, आईएफ कार्ड, आई/ओ कार्ड, पीसीआईएनआईओ कार्ड आदि की आपूर्ति, 26 अदद, रु.1,68,650/-, **14. एचबी247240ए,** 24.03.2025, सभी एक्सेसरीज के साथ स्पाइनल एंडोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ करना आदि, 01 अदद, रु.2,48,470/-, इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए, मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्यः** प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं और तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं।
**(PR-1194)** **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक /गार्डेन रीच**

## शिव बारात की 50 वर्षों पुरानी परंपरा जारी, हजारों भक्तों का समागम

**❑ भूत, प्रेत, बैताल संग निकली भव्य शिव बारात**

**हुगली :** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर निकाली जाने वाली शिव बारात भक्ति, आस्था और परंपरा का अनोखा संगम होती है। भगवान शंकर की इस दिव्य बारात में भूत-प्रेत, पिशाच, देवी-देवता और श्रद्धालु अद्भुत झलक प्रस्तुत करते हैं। शंख ध्वनि, ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच यह शोभायात्रा शिव-पार्वती विवाह की दिव्यता का आभास कराती है।

ऐसा ही नजारा हुगली जिले के सेवड़ाफुली चतरा शिवतला इलाके में देखने को मिला, जहां बैद्यवाटी नगरपालिका के 4 नंबर वार्ड के पार्षद राजू पारुई के नेतृत्व में भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। यह 50 वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है, जिसमें श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और उत्साह देखने लायक था।





**❑ शिव बारात की भव्यता और रक्षा काली पूजा का अनोखा विधान**

शिवजी की इस बारात में भूत, पिशाच, किन्नर, मां काली और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां शामिल होती हैं, जो इसे और भी भव्य बना देती हैं। इस अवसर पर रक्षा काली की विशेष पूजा भी होती है, जो सिर्फ एक ही रात के लिए संपन्न की जाती है। रक्षा काली, माता पार्वती का एक स्वरूप हैं, जिनकी पूजा महामारी और सूखे से बचाव के लिए की जाती है। पहले यहां बलि प्रथा प्रचलित थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है, जो परंपराओं के सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है।

पार्षद राजू पारुई ने बताया कि रक्षा काली पूजा का विधान विशेष होता है-सूर्यास्त के बाद मां की मूर्ति स्थापित कर उनकी पूजा की जाती है, और सूर्योदय से पहले मूर्ति का विसर्जन कर दिया जाता है।

**❑ शिव विवाह का पारंपरिक आयोजन**

ऐसा माना जाता है कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का माता पार्वती से विवाह हुआ था, इसी कारण रात में शिव बारात निकाली जाती है। इस बारात में पुरुषों से अधिक महिलाएं शामिल होती हैं। विवाह की रस्में ठीक उसी तरह निभाई जाती हैं जैसे किसी कन्या के विवाह में होती हैं। पूरे रीति-रिवाजों के साथ बारात मंदिर पहुंचती है, जहां शिव-पार्वती का विवाह संपन्न होता है।

इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन होता है और फिर भगवान शिव माता पार्वती को अपने धाम वापस ले जाते हैं। रात्रि में पूजा कर फलाहार किया जाता है, और अगले दिन सुबह जौं, तिल, खीर और बेलपत्र से हवन कर व्रत का पारण किया जाता है।

**❑ शिव बारात का अद्भुत नजारा**

भगवान शिव की शोभायात्रा में उनका दिव्य रूप देखने को मिलता है-मस्तक पर चंद्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, सांपों का जनेऊ, गले में विष, छाती पर नरमुंडों की माला। उनके एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू शोभायमान होता है। शिवजी नंदी पर सवार होकर चले जा रहे होते हैं, और उनके पीछे चल रही बारात का दृश्य अत्यंत अद्भुत और अलौकिक प्रतीत होता है।

यहां देशभर से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर आते हैं, जो पूरी होती है। इस अवसर पर बच्चे, वृद्ध, महिलाएं, युवा सभी भक्तिमय माहौल में डूबे नजर आते हैं। संपूर्ण इलाका शिव भक्ति में लीन हो जाता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह मंदिर एक सिद्ध और जागृत स्थल है।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं. : 355_2024-25, **दिनांक 27.02.2025. कार्य का विवरण :** एईएन/एनडीएई के अधीन बीबी लूप में अबुटमेंट तथा स्तम्भों की आरसीसी जैकेटिंग द्वारा पुल सं. 51 (डीएल) का पुनरुद्धार। **अनुमानित लागत :** रु. 1,28,21,025.15; **बयाना राशि :** रु. 2,14,100। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 10 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 21.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-640/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सूचीबद्धता**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप अस्पताल, लिलुआ द्वारा रेलवे के लाभार्थी मरीजों को केस-टू-केस परामर्श प्रदान करने हेतु अपने नामों की सूचीबद्धता के लिए नेत्र, ईएनटी, गॉइनी एवं ऑबस्टेट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक, डर्मेटोलॉजी, साइकाइट्री एवं सर्जरी के परिक्षेत्र में स्पेशलिस्ट चिकित्सा पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। स्पेशलिस्ट चिकित्सकों का एक पैनल तैयार किया जाएगा। यदि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को विशेषज्ञ पेशेवर की राय की आवश्यकता होती है, तो उन्हें उनकी राय के लिए बुलाया जाएगा। **योग्यता और अनुभवः • स्पेशलिस्टः** न्यूनतम 3 वर्षों के अनुभव के साथ स्नातकोत्तर डिग्री अथवा 5 वर्षों के अनुभव के साथ पीजी डिप्लोमा धारक। **• पारिश्रमिकः** पहले मरीज के लिए, इनडोर/ओपीडी परामर्श हेतु पेशेवर शुल्क 1,000/- रुपये प्रति केस और उसके बाद प्रत्येक केस के लिए 200/- रुपये होगा। सभी इच्छुक पेशेवर बायो-डेटा के साथ भलीभांति सत्यापित प्रासंगिक प्रमाणपत्रों (पीजी डिग्री, उम्र प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) की छाया प्रतिलिपियां और हाल ही में खींची गई पासपोर्ट आकार की दो प्रतिलिपियों के साथ **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप अस्पताल** के पास हाथों-हाथ अथवा डाक द्वारा अथवा ई-मेल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सभी नियम और शर्तें रेलवे की वेबसाइट यानी **www.er. indianrailways.gov.in > Divisions > Howrah > Departments > Medical > Important notices** पर उपलब्ध हैं। **डाक पताः** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का कार्यालय, लिलुआ, जिला- हावड़ा, पिन-711204, पश्चिम बंगाल, ई-मेलः cmsllher@gmail.com **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, लिलुआ**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार : भारत-नेपाल सीमा पर राज्य के कई जिलों में भूकंप के झटके

**पटना:** पड़ोसी देश नेपाल में शुक्रवार तड़के आए भूकंप का प्रभाव बिहार के सीमावर्ती जिलों में भी महसूस किया गया और राज्य के मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर एवं भारत-नेपाल सीमावर्ती कई जिलों में 5.5 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) के मेट्रोलॉजिस्ट डॉ. उमेश कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'नेपाल के बागमती क्षेत्र में शुक्रवार तड़के करीब दो बजकर 35 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के कारण भारत-नेपाल सीमा से सटे राज्य के सीमावर्ती जिलों में भी झटके महसूस किए गए। यह झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए।' उन्होंने कहा कि भूकंप के कारण किसी तरह की संपत्ति या जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। डीएमडी के अनुसार भूकंप के ये झटके बिहार के मुजफ्फरपुर, सीवान, पटना, गोपालगंज, सारण, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण और आसपास के अन्य जिलों में महसूस किए गए।

### राजस्थान: सड़क दुर्घटना में दंपति सहित तीन लोगों की मौत

**कोटा (राजस्थान):** राजस्थान के बारां जिले में शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 27 पर एक ट्रक और चार पहिया वाहन के बीच हुई टक्कर में दंपति सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कस्बाथाना के प्रभारी योगेश शर्मा ने बताया कि चार पहिया वाहन में डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा निवासी सवार थे, जो महाकुंभ में पवित्र स्नान करने के बाद प्रयागराज से घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी चार पहिया वाहन को सामने से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, जिसका अब तक पता नहीं लग पाया है।

### महाकुंभ के बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने किया संगम स्नान

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ मेले में रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को गंगा और संगम में स्नान कराने के बाद मेले से जुड़े प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को संगम में डुबकी लगाई। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने अपने अनुभव साझा करते हुए 'पीटीआई-भाषा' को बताया, मेले के दौरान किसी भी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी को गंगा स्नान करने का अवसर नहीं मिला। आज सभी ने मिलकर स्नान किया.. बहुत अच्छा लगा। वहीं प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र मांदड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ''त्रिवेणी संगम में स्नान करना अपने आप में दिव्य अनुभूति है। आज सभी अधिकारियों को एक साथ स्नान का मौका मिला और हम भी पुण्य लाभ के भागी बने। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी एक साथ संगम तट पर एकत्रित हुए और संगम में डुबकी लगाई।

### हिंदी विरोध के मुद्दे पर राहुल और अखिलेश की चुप्पी पर रालोद ने उठाये सवाल

**लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल ने शुक्रवार को द्रमुक (डीएमके) नेता एम के स्टालिन द्वारा हिंदी का विरोध किए जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाया और सपा एवं कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। 'एक्स' पर एक पोस्ट में, रालोद नेता एवं शामली विधानसभा क्षेत्र से विधायक परसन कुमार चौधरी ने कहा, ''नयी शिक्षा नीति के तहत द्रमुक के नेता एम के स्टालिन हिन्दी का विरोध करते हैं, तब भी माननीय राहुल गांधी और अखिलेश यादव जी चुप्पी साधे है, दोनो खामोश क्यों हैं। सपा और कांग्रेस अपना रवैया स्पष्ट करे..। केंद्र द्वारा कथित तौर पर हिंदी थोपे जाने के खिलाफ अपना अभियान तेज करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने एक बार फिर बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य इस भाषा को ''थोपने'' की इजाजत नहीं देगा और उन्होंने तमिलों एवं इसकी संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प जताया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित एक पत्र में उन्होंने कहा, हम हिंदी थोपने का विरोध करेंगे। हिंदी मुखौटा है, संस्कृत छिपा हुआ चेहरा है।

# महाकुंभ-2025 ने पूरी दुनिया को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत' का संदेश दिया : योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 ने पूरी दुनिया को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत' का संदेश दिया है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में आदित्यनाथ ने कहा,'आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में आस्था, एकता और समता के महासमागम महाकुम्भ-2025, प्रयागराज ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत' का संदेश पूरी दुनिया को दिया है।' उन्होंने कहा,'देश-विदेश से पधारने वाले करोड़ों श्रद्धालु जन सुगमतापूर्वक पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर स्वयं को धन्य कर अभिभूत हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति और मानवता के विराट महोत्सव का स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन संपूर्ण विश्व के लिए शोध का विषय बन गया है। 'एक्स' पोस्ट में आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में महाकुंभ के सफल समापन पर उन्हें बधाई दी थी। बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में विष्णु देव साय ने कहा,'आज मैंने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से दूरभाष पर चर्चा कर प्रयागराज महाकुंभ के ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन के सफल समापन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। यह भव्य और विराट आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है।' उन्होंने कहा था कि साथ ही, मैंने छत्तीसगढ़ राज्य के श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ मेला परिसर में



साढ़े चार एकड़ भूमि आवंटित करने हेतु उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। इस मंडप में छत्तीसगढ़ के लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने निःशुल्क आवास, भोजन एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया और संगम में स्नान का पुण्य प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन एवं संत-समाज के सान्निध्य में संपन्न हुए इस भव्य आयोजन के लिए पुनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और उनकी पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं साधुवाद।

### उप्र विधान परिषद में महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए मोदी-योगी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित

**लखनऊ:** महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश विधान परिषद में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विधान परिषद में, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य विजय बहादुर पाठक ने शुक्रवार को प्रस्ताव रखा कि यह सदन तीर्थराज प्रयाग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन तथा 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य प्राप्त करने को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता पूर्वक धन्यवाद ज्ञापित करता है।

## न्यूज अपडेट

### उप्र की जेलों में मौजूदा समय में 89,256 कैदी बंद : दारा सिंह चौहान



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के मंत्री दारा सिंह चौहान ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि प्रदेश के कारागारों की कुल बंदी क्षमता 76,475 है, लेकिन मौजूदा समय में इनमें 89,256 कैदी बंद हैं। शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन दारा सिंह चौहान ने प्रश्न काल में समाजवादी पार्टी के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद चौधरी का पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि इस समय राज्य की जेलों में कुल 89,256 बंदी मौजूद हैं। चौहान ने बताया कि 31 जनवरी 2025 की स्थिति के अनुसार प्रदेश के 76 कारागारों की कुल बंदी क्षमता 76,475 है। चौहान ने बताया कि प्रदेश में आठ निर्माणाधीन कारागारों के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर 9,165 बंदी क्षमता की वृद्धि होगी तथा प्रदेश में 15 जिलों में प्रस्तावित 16 नवीन कारागारों के निर्माण से 21,408 बंदी क्षमता की वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में आठ कारागारों में 22 बैरकों के निर्माण से 606 बंदी क्षमता, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 17 कारागारों में 44 बैरकों के निर्माण से 1224 बंदी क्षमता तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 22 कारागारों में 57 बैरकों का निर्माण करा कर 1626 बंदी क्षमता की वृद्धि की गयी है। मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित अनुपूरक कार्य योजना में 11 कारागारों में 33 बैरकों के निर्माण से 990 बंदी क्षमता की वृद्धि होगी।

### झारखंड के मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए एक स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी इसका लाभ प्रदान करना है। सोरेन ने रांची में अलग-अलग कार्यक्रमों में 28,945 सरकारी प्राथमिक स्कूल शिक्षकों को 'टैबलेट' भी बांटे। मुख्यमंत्री ने राज्य विधानसभा सभागार में स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत करते हुए कहा,'अब किसी भी श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों को अपने इलाज के खर्च के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार उनके इलाज का पूरा खर्च उठाएगी।' सोरेन ने कहा कि जिस तरह सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर अपने कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद भी वित्तीय सहायता प्रदान की, उसी तरह राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से अपने कर्मचारियों के इलाज का पूरा खर्च वहन करने का बड़ा कदम उठाया है। इस योजना के तहत लाभार्थी देश के किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का 'कैशलेस' इलाज करा सकेंगे। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गंभीर बीमारियों के मामले में 10 लाख रुपये तक का चिकित्सा खर्च मुहैया कराया जाएगा। यह योजना 1 मार्च से लागू होगी। 'टैबलेट' वितरण कार्यक्रम में, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी स्कूलों में डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराकर एक नया अध्याय शुरू किया गया। इससे स्कूलों में उपस्थिति दर्ज करने जैसे कार्य डिजिटल माध्यम से किए जाएंगे। वहीं, टैबलेट के इस्तेमाल से बच्चों की पढ़ाई, शिक्षक प्रशिक्षण, पर्यवेक्षण और बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से जुड़े कार्यों की निगरानी करना आसान हो जाएगा। इस पहल से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी।'

### संभल दंगा मामले में गठित न्यायिक जांच आयोग ने लोगों के बयान दर्ज किए

**संभल (उप्र):** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले साल 24 नवंबर को यहां की शाही जामा मस्जिद में एक सर्वेक्षण के दौरान हुए दंगों की जांच के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग के सदस्यों ने शुक्रवार को लोगों के बयान दर्ज किए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार आयोग में उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा, पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरविंद कुमार जैन और उत्तर प्रदेश के पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये सदस्य बयान दर्ज करने के लिए चंदौसी रोड पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आए हैं। तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की टीम शुक्रवार को चौथी बार लोगों के बयान लेने सम्भल पहुंची, जहां पर संभल की शाही जामा मस्जिद को हिंदू मंदिर का दावा करने की मांग करने वाले अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने भी आयोग के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए। विष्णु शंकर जैन ने पत्रकारों को बताया, 'मुझे न्यायिक आयोग ने एक नोटिस भेजकर बुलाया था। न्यायिक आयोग ने 19 नवंबर और 24 नवंबर को जो भी घटनाक्रम हुआ था, उसपर अपना बयान देने और पक्ष रखने के लिए बुलाया था। मैं न्यायिक आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुआ और मैंने अपना विस्तृत स्टेटमेंट 19 नवंबर और 24 नवंबर की घटना पर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया।' जैन ने कहा, 'हमने न्यायिक आयोग के समक्ष किस तरह से पथराव हुआ, किस तरह से आगजनी हुई, किस तरह से पुलिस प्रशासन को आंसू गैस छोड़नी पड़ी और इस हिंसा के कौन कौन मास्टर माइंड थे, हिंसा के क्या कारण थे और हिंसा क्यों भड़की सारी बातें विस्तृत रूप से रखी।'

## उप्र में 12,325 बसें संचालित हो रहीं, गांवों को जोड़ने के लिए 1540 मार्गों का निर्धारण: दयाशंकर सिंह



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि वर्तमान में परिवहन निगम द्वारा राज्य में 12,325 बसें संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के असेवित (बस सेवा से पृथक) गांवों को (जोड़ने के लिए) सेवित किए जाने (बस सेवा से जोड़ने) के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 1540 मार्गों का नवीन निर्धारण किया गया है। विधानमंडल के बजट सत्र के सातवें दिन विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंत्री सिंह सवालों का जवाब दे रहे थे। आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अखिलेश के प्रश्न के उत्तर में दया शंकर सिंह ने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम स्वामित्व की 9,373 बसें एवं 2,952 निजी क्षेत्र की अनुबंधित बसों को मिलाकर कुल 12325 बसें राज्य में संचालित हैं। उन्होंने बताया कि ये बसें उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र से ब्लॉक तहसील एवं जिलों को जोड़ते हुए बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान कर रही हैं। सिंह ने बताया कि इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के असेवित गांवों को सेवित किए जाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 1540 मार्गो का नवीन निर्धारण किया गया है। इससे 28 हजार गांव जुड़ेंगे। इसके पहले समाजवादी पार्टी के ही सदस्य पंकज मलिक के प्रश्न के उत्तर में सिंह ने सदन को बताया कि प्रदेश में खराब जर्जर रोडवेज बसों के स्थान पर नयी बसें संचालित करने की योजना है और जो अयोग्य बसें हैं और नीलामी की अन्य शर्तें पूर्ण करती हैं तो उन्हें बस बेड़े से पृथक करके नीलाम किया जाता है। नीलाम की जाने वाली बसों के प्रतिस्थापन के लिए अंश पूंजी से वर्ष 2023-2024 और 2024-25 में विभिन्न श्रेणी की कुल 6138 बसें खरीदी गई हैं। मलिक ने पूरक प्रश्न के दौरान यह पूछा कि एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कितनी बसें ऐसी हैं, जो 10 वर्ष से पुरानी है और पूरे प्रदेश में 15 वर्ष से पुरानी बसें हैं। इसके जवाब में सिंह ने कहा कि एनसीआर में कोई ऐसी बस नहीं है जो 10 साल से पुरानी हो और 11 लाख किलोमीटर से ज्यादा चली हो। उन्होंने कहा कि 6138 नयी बसों की खरीद परिवहन के अब तक के इतिहास में सबसे बड़ी खरीद है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले में तीन हजार नयी बसें आयीं और उसका भी आवंटन करने जा रहे हैं।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में 15 दिनों का विशेष स्वच्छता अभियान प्रारंभ

**प्रयागराज (उप्र):** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम तट पर पिछले 45 दिनों से सनातन आस्था और अध्यात्म का समागम महाकुंभ मेला संपन्न होने के बाद 15 दिन का विशेष स्वच्छता अभियान शुक्रवार को प्रारंभ हुआ। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित करने के साथ इस अभियान के तहत अगले 15 दिन विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर महाकुंभ मेला क्षेत्र को स्वच्छ और निर्मल बनाने का निर्देश दिया है। प्रदेश सरकार ने कहा कि मेले की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना के मार्गदर्शन में स्वच्छता मित्रों और गंगा सेवा दूतों ने शुक्रवार से ही मेला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत कर



दी है। उन्होंने बताया कि आने वाले 15 दिनों में प्रयागराज के संगम क्षेत्र, घाटों और मेले की स्थाई एवं अस्थाई सड़कों को साफ एवं स्वच्छ किया जाएगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक, 15,000 से अधिक स्वच्छता मित्रों और लगभग 2000 गंगा सेवा दूतों ने निरंतर गंगा नदी और मेला क्षेत्र को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बयान के मुताबिक, मेले की विशेष कार्यधिकारी आकांक्षा राना ने मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप शुक्रवार से महाकुंभ मेला क्षेत्र की सफाई के विशेष अभियान की शुरुआत की जिसके तहत अगले 15 दिनों तक निरंतर संगम के घाटों, मेला क्षेत्र, मंदिरों और स्थाई एवं अस्थाई सड़कों को साफ और स्वच्छ करने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही मेला क्षेत्र में लगाये गये 1.5 लाख अस्थाई शौचालयों को भी हटाया जाएगा। मेला क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण नैनी स्थित बसवार प्लांट में किया जाएगा। इसके साथ ही जल निगम नगरीय और ग्रामीण की ओर से बिछाई गई पाइप लाइन और विद्युत विभाग की ओर से लगाई गई स्ट्रीट लाइटों को भी मेला क्षेत्र से हटाने का कार्य शुरू हो गया है।

## महाकुंभ से भावुक होकर विदा हो रहे श्रद्धालु

**महाकुंभनगर (उप्र):** उत्तर प्रदेश में पिछले 45 दिनों से मंत्रोच्चार एवं भजन-प्रवचन से गुंजायमान महाकुंभनगर अब वीरानगी की ओर बढ़ रहा है। टेंट उखड़ रहे हैं और सामान ट्रैक्टरों पर लादे जा रहे हैं। ऐसे में हफ्ते महीने इस नगर में बिताने वाले लोग भावुक होकर विदा हो रहे हैं। महाकुंभनगर में 45 दिनों तक चला मेला महाशिवरात्रि स्नान के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। लाखों लोगों ने तो इसे अपना अस्थाई घर ही बना लिया था। महाकुंभ नगर के सेक्टर आठ में बैलों के संरक्षण के लिए शिविर लगाकर एक महीने से अधिक का प्रवास करने वाले राहुल शर्मा ने बहुत भावुक होकर कहा,



वापस जयपुर जाने का मन नहीं कर रहा। यहां हुई अनुभूति को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यहां हर दिन एक नई ऊर्जा का संचार महसूस हुआ। जमीन पर सोया, लकड़ी की आग पर भोजन पकाकर खाया। यह सब महानगरों में कहां नसीब होता है। उन्होंने कहा, इस मेले ने मुझे देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की सेवा करने का अवसर दिया। एक ही जगह पर बिना बुलाए लोग आए। प्रयागराज की रहने वाली सलोनी निरंजन सेक्टर छह में एक स्विस कॉटेज में ठहरी थीं। टेंट उखड़ते देख दुखी मन से उन्होंने कहा, मैंने इसी टेंट में एक महीने का कल्पवास किया और अब इस घर को उजड़ता देख बहुत दुख हो रहा है। उन्होंने बताया, महाशिवरात्रि तक यहां जनसैलाब उमड़ा था और अब धीरे धीरे यह इलाका वीरान हो रहा है। सलोनी के पति निरंजन लाल और उनके परिवार के पंडा शंभूनाथ शर्मा भी इस दृश्य को देखकर भावुक हैं। शर्मा ने कहा, आप जहां भी नजर घुमाएं, हर स्थान बदलता हुआ दिखेगा। लोगों के घर वापस जाने के साथ टेंट सिटी, मंदिरों की प्रतिकृति, स्वास्थ्य शिविर सब कुछ खत्म हो रहा है।

## बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुरू, राज्यपाल ने नीतीश के शासन की सराहना की

**पटना:** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि 24 नवंबर 2005 को नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से राज्य में 'कानून का शासन' कायम है और ''निरंतर विकास'' हो रहा है। बजट सत्र के पहले दिन, विधानमंडल के संयुक्त सत्र में राज्यपाल ने 30 मिनट के अपने पारंपरिक अभिभाषण में इस तिथि का दो बार प्रमुखता से उल्लेख किया। खान ने यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के विधायकों की नारेबाजी के बीच कही, जो अमेरिका से वापस भेजे गए अवैध प्रवासी भारतीयों के साथ किये गए दुर्व्यवहार के विरोध में हथकड़ी और जंजीर पहनकर विधानसभा परिसर पहुंचे थे। राज्यपाल को हंगामा कर रहे सदस्यों को फटकार लगाते देखा गया। साथ ही खान ने कहा, 'आपका विरोध



दर्ज हो चुका है। अब आप कृपया मुझे मेरी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने दें। राज्यपाल ने 24 नवंबर 2005 का जिक्र नीतीश सरकार के समग्र प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए अभिभाषण की शुरूआत में किया। उन्होंने यह तिथि उस समय दोहराई, जब वह पुलिस बल में बड़े पैमाने पर भर्तियों, विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी बढ़ने को रेखांकित कर रहे थे। जनता दल(यूनाइटेड) के अध्यक्ष और बिहार में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे कुमार साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर लगातार पांचवीं बार इस पद पर काबिज होने की उम्मीद कर रहे हैं। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में पांच वर्षीय 'रोड मैप' के माध्यम से प्रदेश के कृषि क्षेत्र में हुए सुधार और नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में किये गए व्यापक सुधारों को भी रेखांकित किया। उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। विधानमंडल के केंद्रीय कक्ष में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद, विधानसभा और विधानपरिषद सदस्य अपने-अपने सदन में चले गए। दोनों सदनों में, दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## विधानसभा में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सदन का बहिर्गमन किया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को बेरोजगारी और आउटसोर्सिंग के जरिये नौकरी देने के मामले को लेकर सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के बाद नियम-56 (सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराने की मांग) के तहत सपा सदस्यों ने बेरोजगारी के मामले पर चर्चा की मांग की। सपा सदस्य इंजीनियर सचिन यादव ने ग्राह्यता पर बल देते हुए कहा कि उप्र की 24 करोड़ जनता में 15 से 29 वर्ष के बीच के सात करोड़ युवा नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सरकार पर युवाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। ग्राह्यता पर बल देते हुए सपा के वरिष्ठ सदस्य कमाल अख्तर ने कहा कि सरकार आउटसोर्सिंग के तहत नौकरी देकर आरक्षण खत्म करने में लगी है। उन्होंने कहा कि सरकार इसीलिए सरकारी नौकरी नहीं देना चाहती है। सपा सदस्य पूजा सरोज ने आरोप लगाया कि सरकार बेरोजगारों का सही आंकड़ा नहीं दे रही है। सदस्यों का



जवाब देते हुए श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बेरोजगारी की समस्या एक बड़ी चुनौती है और उप्र की सरकार ने चुनौती को उतनी ही संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि 2017 से लेकर आज तक सरकार ने जो प्रयास किये हैं, उन प्रयासों का ही असर है कि उप्र की बेरोजगारी दर कम है। राजभर ने कहा कि जो आंकड़े हम प्रस्तुत करते वह भारत सरकार के आंकड़े हैं और इसलिए मैं सम्मानित सदन के साथ साथ उप्र की जनता को बताना चाहता हूं कि सरकार ने बेरोजगारी की समस्या के समाधान का निरंतर प्रयास किया है। श्रम मंत्री ने बताया कि 2018-19 में संपूर्ण भारत में बेरोजगारी दर 5.8 प्रतिशत थी और उप्र का सात प्रतिशत था। 2019-20 में भारत की दर 4.8 और उप्र की बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत थी। 2020-21 में देश में बेरोजगारी दर 4.2 प्रतिशत और उप्र की 4.2 प्रतिशत थी। 2021-22 में देश की दर 4.1 प्रतिशत और उप्र की 2.9 प्रतिशत बेरोजगारी दर थी। 2022-23 में पूरे देश की बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत और उप्र की 2.4 प्रतिशत थी। वर्तमान में देश की बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत है और उप्र का बेरोजगारी दर तीन प्रतिशत है। यह भारत सरकार का आंकड़ा है।

## झारखंड : जमशेदपुर में ब्राउन शुगर जब्त, 13 तस्कर गिरफ्तार

**जमशेदपुर:** झारखंड के औद्योगिक शहर जमशेदपुर में पुलिस ने शुक्रवार को एक महिला समेत 13 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 150 ग्राम मादक पदार्थ 'ब्राउन शुगर' जब्त की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (शहर) कुमार सुभाधीश ने बताया कि पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 15 लाख रुपये मूल्य की 150 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने यहां संवाददाताओं से कहा कि गिरोह का सरगना ओडिशा और झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर से मादक पदार्थ खरीदता था और अन्य तस्करों के माध्यम से इसे जुगसलाई और जमशेदपुर के अन्य हिस्सों में बेचता



था। जुगसलाई में मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त कुछ लोगों के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ने के लिए एक टीम गठित की। एसपी ने बताया कि टीम ने छापेमारी कर 13 तस्करों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से ब्राउन शुगर, आठ मोबाइल फोन, वजन तौलने की मशीन, 7920 रुपये नकद और अन्य सामान बरामद किया। सुभाधीश ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में से तीन हाल ही में जुगसलाई में हुई गोलीबारी की घटना में भी शामिल थे। स्थानीय अदालत ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### नीतीश के नेतृत्व में लड़ा जाएगा बिहार चुनाव: मांझी

**पटना :** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव ''मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में'' लड़ेगा। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के बैनर तले आयोजित दलित समागम के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में मांझी ने यह भी कहा कि वह मुख्यमंत्री के बेटे निशांत के राजनीति में प्रवेश का स्वागत करेंगे, जो युवा और योग्य हैं। मांझी ने दावा किया, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में 225 से अधिक सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार के पुत्र युवा हैं। वह सार्वजनिक जीवन के तौर तरीके संभालने में सक्षम दिखते हैं। अगर वह सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने की इच्छा दिखाते है तो हम इसका स्वागत करेंगे।

## युवक ने अपने दादा, दादी समेत तीन की हत्या की

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर के झंगहा इलाके में शुक्रवार सुबह हुए तिहरे हत्याकांड में 24 वर्षीय एक युवक ने अपने दादा के भाई, दादा और दादी की कुदाल से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी रामदयाल ने सबसे पहले भैंस पर कुदाल से हमला किया और जब उसके दादा कुबेर मौर्य (72) ने विरोध किया तो वह हिंसक हो गया और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि शोर सुनकर उसके दादा के भाई साधु मौर्य (75) और दादी द्रौपदी देवी (70) घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उसने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया और पास के खेत में ले जाकर बेरहमी से मार डाला। वारदात को अंजाम देने के



बाद रामदयाल शवों को घसीट कर सड़क किनारे ले गया और उनके पास बैठ गया। डरे-सहमे ग्रामीणों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी, तब रामदयाल वहां से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ देर पीछा करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। रामदयाल की मां कुसुमावती ने इस हत्याकांड को देखा और भागकर ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों का दावा है कि परिवार में मानसिक बीमारी का इतिहास रहा है, और रामदयाल के पिता एवं चाचा भी अस्थिर व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस ने हथियार बरामद कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी, जो मानसिक रूप से अस्थिर माना जा रहा है, ने अपने दादा-दादी पर कुदाल से हमला किया। श्रीवास्तव ने कहा, गांव में स्थिति नियंत्रण में है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# हिंदुस्तान जन्नत का वह बगीचा है जहां तहजीब का हर रंग फला-फूला: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि हिंदुस्तान जन्नत का वह बगीचा है जहां तहजीब का हर रंग फला-फूला है और जहां की मिट्टी के मिजाज में ही कुछ खास है। राजधानी स्थित सुंदर नर्सरी में सूफी संगीत समारोह जहान-ए-खुसरो के 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस आयोजन में एक अलग खुशबू है और ये खुशबू हिंदुस्तान की मिट्टी की है। उन्होंने कहा, वह हिंदुस्तान, जिसकी तुलना हज़रत अमीर खुसरो ने जन्नत से की थी। हमारा हिंदुस्तान जन्नत का वह बगीचा है जहां तहजीब का हर रंग फला-फूला है। यहां की मिट्टी के मिजाज में ही कुछ खास है। उन्होंने



कहा, शायद इसलिए जब सूफी परंपरा हिंदुस्तान आई, तो उसे भी लगा कि जैसे वह अपनी ही जमीं से जुड़ गई हो। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देशवासियों को रमजान की मुबारकबाद भी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की सभ्यता, उसकी तहजीब को स्वर उसके गीत-संगीत से मिलते हैं और उसकी अभिव्यक्ति कला से होती है। उन्होंने कहा, भारत में सूफी परंपरा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। सूफी संतों ने खुद को मस्जिद और खानकाहों तक सीमित नहीं रखा है। उन्होंने पवित्र कुरान के हर्फ पढ़े तो वेदों के शब्द भी सुने, उन्होंने अज़ान की सदा में भक्ति के गीतों की मिठास को जोड़ा। जहान-ए-खुसरो समारोह का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मौके देश की कला संस्कृति के लिए तो जरूरी होते ही है, साथ ही इनसे सुकून भी मिलता है। उन्होंने कहा, जहान-ए-खुसरो का यह सिलसिला अपने 25 साल पूरा कर रहा है। इन 25 वर्षों में इस आयोजन का लोगों के जहन में जगह बना लेना अपने आप में बड़ी कामयाबी है। जहान-ए-खुसरो समारोह सूफी संगीत, कविता और नृत्य को समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय महोत्सव है। यह महोत्सव अमीर खुसरो की विरासत का जश्न मनाने के लिए दुनियाभर के कलाकारों को एक मंच प्रदान करता है। यह महोत्सव रूमी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जाता है। इसे 2001 में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और कलाकार मुजफ्फर अली ने शुरू किया था। महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री ने टीईएच बाजार (टीईएच-हस्तनिर्मित वस्तुओं को बढ़ावा) का भी जायजा लिया, जिसमें 'एक जिला-एक उत्पाद' से जुड़े शिल्प और देशभर से विभिन्न उत्कृष्ट कलाकृतियों के साथ-साथ हस्तशिल्प और हथकरघा पर लघु फिल्में आदि प्रदर्शित की गई हैं।

## किसी भी न्याय प्रणाली को तभी सशक्त माना जाएगा जब वह वास्तव में समावेशी हो: राष्ट्रपति मुर्मू

**गांधीनगर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अपराधियों में पकड़े जाने और सजा मिलने का डर तथा आम लोगों में न्याय मिलने का भरोसा सुशासन की पहचान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी न्यायिक प्रणाली को तभी सशक्त माना जाएगा जब वह वास्तव में समावेशी हो। उन्होंने कहा कि 2024 में तीन नए आपराधिक कानूनों का लागू होना भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा, ''अपराध पर नियंत्रण, अपराधियों में पकड़े जाने और सजा मिलने का डर तथा आम लोगों में न्याय मिलने का भरोसा, यही सुशासन की पहचान है। हमारे देश में न्याय पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को सर्वोत्तम माना जाता है।'' इस मौके पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने एनएफएसयू से स्नातक करने वाले विद्यार्थियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी व्यक्ति वित्तीय कारणों से न्याय से वंचित न रहे। मुर्मू ने कहा, ''परंपरा और विकास के जरिये हम एक विकसित देश के निर्माण की ओर अग्रसर हैं। कोई भी न्याय प्रणाली तभी सशक्त मानी जाएगी जब वह समावेशी हो।



समाज के सभी वर्गों, खासकर कमजोर और वंचितों को न्याय उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय से निकलने वाले छात्रों का लक्ष्य होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''आपको इस तरह काम करना चाहिए कि देश के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच हो सके और यह सुनिश्चित किया जाए कि वित्तीय कारणों से कोई भी न्याय से वंचित न रहे।'' राष्ट्रपति ने तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के बारे में भी बात की, जिन्होंने ब्रिटिश युग के कानूनों की जगह ली है। मुर्मू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि न्याय प्रणाली में यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था जब पुराने आपराधिक कानूनों को हटाकर तीन नए कानूनों को लागू किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों में अपराध जांच और साक्ष्य से संबंधित बदलाव किये गये हैं। उन्होंने कहा, ''जिन मामलों में सजा की अवधि सात वर्ष या उससे अधिक है, उनमें फोरेंसिक विशेषज्ञ का घटनास्थल पर जाकर जांच करना अब अनिवार्य हो गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने सभी राज्यों में समयबद्ध तरीके से फोरेंसिक सुविधाओं के विकास का प्रावधान किया है। कई कानूनों में समयबद्ध फोरेंसिक जांच को अनिवार्य बनाया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इन बदलावों से फोरेंसिक विशेषज्ञों की मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा, ''प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे बदलावों के कारण, विशेष रूप से डिजिटल तकनीक और कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में, फोरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों की क्षमताएं बढ़ रही हैं लेकिन साथ ही, अपराधी भी नए तरीके खोज रहे हैं।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### लोगों के प्यार ने मेरे लिए 'टॉनिक' का काम किया : शिंदे

**ठाणे :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान कई फैसले ले सके, क्योंकि लोगों के प्यार ने उनके लिए 'टॉनिक' का काम किया। शिंदे ने यहां समाज सुधारक संत रविदास की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। शिंदे ने कहा, ''महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में मैंने कितने फैसले लिए, यह तो मुझे भी नहीं पता। मेरी प्यारी बहनों, भाइयों और पिताओं का प्यार मेरे लिए टॉनिक का काम करता रहा।'' उन्होंने गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा भी की। शिंदे ने संत रविदास द्वारा दिए गए समानता और मानवता के संदेश पर प्रकाश डाला।

### पूरी तरह स्वतंत्र पत्रकारिता समय की मांग: न्यायमूर्ति अभय ओका

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अभय ओका ने शुक्रवार को कहा कि पूरी तरह स्वतंत्र पत्रकारिता समय की मांग है और मीडियाकर्मियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना न्यायालय का कर्तव्य है। न्यायमूर्ति ओका ने यह टिप्पणी यूक्रेन में युद्ध की कवरेज के लिए 'द वीक' के भानु प्रकाश चंद्रा को पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए 'इंटरनेशनल प्रेस इंस्टिट्यूट-इंडिया' पुरस्कार प्रदान करने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में की। 'द हिंदू' से विजेता सिंह, 'इंडिया टुडे' के आशुतोष मिश्रा, 'द कारवां' से ग्रीष्मा कुठार, स्क्रॉल.इन के अरुणाभ सैकिया और तोरा अग्रवाल तथा 'द प्रिंट' के पत्रकारों को मणिपुर में जातीय हिंसा पर उनकी रिपोर्टिंग के लिए निर्णायक मंडल से विशेष सराहना मिली। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण मौलिक अधिकारों में से एक वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत में लोकतंत्र तभी जीवित रह सकता है जब यह मौलिक अधिकार बरकरार रहे।''

### सुकमा में सात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कुल 32 लाख रुपये के इनामी सात नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से तीन नक्सलियों के खिलाफ 2020 में मिनपा गांव में तथा 2021 में टेकलगुडा गांव में सुरक्षाबलों पर घात लगाकर किए गए हमले में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि नक्सली हेमला हिडमा उर्फ वागा, उसकी पत्नी रव्वा मुके उर्फ भीमे, बारसे सोना, उइका लालू, महिला माडवी कोसी, मड़कम हुंगा और मुचाकी बुधरा ने अमानवीय और खोखली माओवादी विचारधारा का हवाला देते हुए सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि हिडमा, उसकी पत्नी और बारसे प्रतिबंधित माओवादी संगठन के पीपुल्स पार्टी कमेटी के सदस्य (पीपीसीएम) थे।

### यमुना में खुलेआम बहाया जा रहा अपशिष्ट जल, 16 औद्योगिक क्षेत्रों में शोधन संयंत्र नहीं : अदालत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के 16 औद्योगिक क्षेत्रों में सीवेज जल शोधन संयंत्रों नहीं होने पर आश्चर्य जताया और कहा कि बिना शोधन के अपशिष्ट जल को यमुना नदी में खुलेआम प्रवाहित किया जा रहा है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि स्थिति ''काफी गंभीर'' और ''अत्यंत खराब'' है, जो दिल्ली के सभी 33 औद्योगिक क्षेत्रों में साझा अपशिष्ट शोधन संयंत्र (सीईटीपी) लगाने की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है। पीठ ने कहा, ''वास्तव में, दिल्ली के 16 औद्योगिक क्षेत्रों में कोई सीईटीपी नहीं है। यह चौंकाने वाला खुलासा है। इन 16 क्षेत्रों में अपशिष्ट बिना किसी शोधन के खुलेआम बहाया जा रहा है।''

## उत्तराखंड में हिमस्खलन में फंसे 57 मजदूरों में से 32 को बाहर निकाला गया



**देहरादून :** उत्तराखंड के उंचाई वाले क्षेत्रों में हो रही भारी बर्फवारी के बीच चमोली जिले में बदरीनाथ के पास सीमांत माणा गांव में शुक्रवार सुबह हिमस्खलन होने से वहां फंसे सीमा सड़क संगठन के 57 मजदूरों में से 32 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने इसकी जानकारी दी। प्रदेश के आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शाम पांच बजे तक बदरीनाथ धाम से छह किलोमीटर आगे हिमस्खलन में फंसे 32 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है जबकि शेष बचे 25 अन्य को निकालने की कार्रवाई चल रही है। माणा और बदरीनाथ के बीच में स्थित बीआरओ के मजदूरों के कैंप पर करीब सवा सात बजे हिमस्खलन हुआ था जिससे मजदूर बर्फ में दब गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना, सीमा सड़क संगठन, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल और आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा बचाव और राहत कार्य शुरू किया। खराब मौसम और लगातार बर्फवारी के कारण मौके पर बचाव एवं राहत कार्य चलाने में मुश्किलें आ रही हैं। हालांकि, घटना में अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बदरीनाथ से करीब तीन किलोमीटर दूर माणा भारत तिब्बत सीमा पर बसा आखिरी गांव है जो 3200 मीटर की उंचाई पर स्थित है।

### मेरे और जावेद अख्तर के बीच मानहानि का मामला सुलझा: कंगना रनौत

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने पटकथा लेखक एवं गीतकार जावेद अख्तर द्वारा उनके खिलाफ दायर काफी समय से लंबित मानहानि के मामले को मध्यस्थता के जरिए सुलझा लिया है। सांसद और अभिनेत्री रनौत ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर गीतकार के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि सिनेमा के दिग्गज अख्तर मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान ''दयालु और उदार'' रहे। भाजपा सांसद ने 'कैप्शन' में लिखा, ''आज, जावेद जी और मैंने मध्यस्थता के माध्यम से अपना कानूनी मामला (मानहानि का मामला) सुलझा लिया है। मध्यस्थता के दौरान जावेद जी बहुत दयालु और उदार रहे हैं। उन्होंने मेरे निर्देशन वाली अगली फिल्म के लिए गीत लिखने पर भी सहमति जताई।'' अख्तर ने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अख्तर ने 2020 में रनौत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अख्तर का आरोप है कि टेलीविजन पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान रनौत ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। रनौत ने 2021 में मजिस्ट्रेट की अदालत में अख्तर के खिलाफ जवाबी शिकायत दर्ज कराई थी और उन पर आपराधिक धमकी देने एवं उनका अपमान करने का आरोप लगाया गया था।

## महत्वपूर्ण, अग्रणी प्रौद्योगिकियां आधुनिक युद्ध में मारक क्षमता के नए आयाम जोड़ रही हैं : राजनाथ



**हैदराबाद :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महत्वपूर्ण, अत्याधुनिक और अग्रणी प्रौद्योगिकियां आधुनिक युद्ध में मारक क्षमता के साथ-साथ अप्रत्याशितता के नए आयाम जोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, यदि हम प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मजबूत और सुरक्षित बने रहना चाहते हैं, तो हमें इन प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता है, जो महत्वपूर्ण तकनीकी चुनौतियों का समाधान प्रदान कर सकें। यहां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) एवं अन्य द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह 'विज्ञान वैभव-2025' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में युद्ध के बदलते स्वरूप में अतीत की तुलना में तकनीकी घटक का महत्व बढ़ गया है। सिंह ने कहा कि युद्ध की परिस्थितियां तेजी से ''हार्डवेयर से सॉफ्टवेयर'' की ओर परिवर्तित हो रही हैं। उन्होंने कहा, यदि आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मजबूत और सुरक्षित बने रहना चाहते हैं, तो हमें इन प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता है, जो महत्वपूर्ण तकनीकी चुनौतियों का समाधान प्रदान कर सकें। सिंह ने कहा, इस दृष्टि से आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा राष्ट्र की सुरक्षा के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण है।

### व्यापार सम्मेलन के माध्यम से असम में 5.18 लाख करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई: हिमंत

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में संपन्न एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन में कुल 5,18,205 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपरोक्त धनराशि असम के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 80 प्रतिशत हिस्से के बराबर है और जीडीपी के मार्च तक 6.43 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा, हम नए वित्तीय वर्ष में प्रस्तावों का विश्लेषण शुरू करेंगे और अगले छह महीने में उनके कार्यान्वयन के लिए रूपरेखा तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावों का गहन अध्ययन करने के बाद उनका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। शर्मा ने कहा, यह जरूरी नहीं है कि सभी सहमति पत्र निवेश में तब्दील हो जाएं। कार्यान्वयन की सामान्य सफलता दर लगभग 50 प्रतिशत है, लेकिन मुझे 80 प्रतिशत की उम्मीद है, जिसके बाद असम देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन जाएगा।

## एससी आयोग में दो अहम पद खाली, सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का सबूत: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में दो अहम पद खाली हैं जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का एक और सबूत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जल्द से जल्द आयोग के सभी पद भरने चाहिए ताकि यह दलितों के अधिकारों की रक्षा करने की अपनी ज़िम्मेदारी प्रभावी रूप से निभा सके। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आयोग के उपाध्यक्ष तथा एक सदस्य का पद रिक्त है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपा सरकार की



दलित विरोधी मानसिकता का एक और सबूत देखिए! दलितों के अधिकारों की रक्षा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को जानबूझकर उपेक्षित कर दिया गया है - इसके दो अहम पद पिछले एक साल से ख़ाली पड़े हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि यह आयोग एक संवैधानिक संस्था है तथा इसे कमज़ोर करना दलितों के संवैधानिक और सामाजिक अधिकारों पर सीधा हमला है। राहुल गांधी ने सवाल किया, ''आयोग नहीं तो सरकार में दलितों की आवाज़ कौन सुनेगा? उनकी शिकायतों पर कार्रवाई कौन करेगा?'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री जी, जल्द से जल्द आयोग के सभी पद भरे जाने चाहिए ताकि यह दलितों के अधिकारों की रक्षा करने की अपनी ज़िम्मेदारी प्रभावी रूप से निभा सके।''

## मुंबई पुलिस को पाकिस्तानी नंबर से मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी का संदेश मिला

**मुंबई :** मुंबई यातायात पुलिस की 'व्हाट्सएप हेल्पलाइन' पर पाकिस्तान के एक नंबर से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी का एक संदेश आया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी थी। अधिकारी ने बताया कि खुद को मलिक शाहबाज रजा बताने वाले व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को यह धमकी भरा संदेश भेजा था, जिसके बाद वर्ली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया, ''धमकी भरा संदेश अंग्रेजी में है। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।'' मुंबई यातायात पुलिस की हेल्पलाइन पर पहले भी इसी तरह के संदेश भेजे जा चुके हैं। पिछले साल नवंबर में अभिनेता सलमान खान को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी और इसके बदले में पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ भी पिछली साल दिसंबर में धमकी भरा संदेश भेजा गया था, जिसके बाद झारखंड के रहने वाले 37 वर्षीय एक व्यक्ति को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया था। इस साल 21 फरवरी को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को उड़ाने की धमकी का संदेश भेजा गया था, जिसके बाद इस मामले में बुलढाणा से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था।

## इसरो 15 मार्च से 'स्पैडेक्स' प्रयोग फिर शुरू करेगा : वी नारायणन

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मार्च के मध्य में 'स्पैडेक्स' मिशन के तहत फिर प्रयोग शुरू करेगा। इसके तहत दो उपग्रहों - चेसर और टार्गेट - को अलग करने और उन्हें पुनः जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि भविष्य की परियोजनाओं के लिए प्रौद्योगिकियों में निपुणता प्राप्त की जा सके। इसरो ने पिछले साल 30 दिसंबर को 'स्पैडेक्स' मिशन की शुरुआत की थी। तब इसरो ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को आपस में जोड़ने (डॉकिंग) के प्रयोग को प्रदर्शित करने के लिए दो उपग्रहों - एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था। कई कोशिशों के बाद इसरो ने 16 जनवरी 2025 को यह सफलता प्राप्त की थी। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने यहां राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह से इतर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''फिलहाल एकीकृत उपग्रह अण्डाकार कक्षा में है। इसलिए हमें विभिन्न प्रयोगों के लिए हर दो महीने में एक बार 10-15 दिन का समय मिलता है।'' उन्होंने कहा कि 'स्पैडेक्स' उपग्रहों पर प्रयोग करने का अवसर 15 मार्च से उपलब्ध होगा। नारायणन ने कहा, ''फिलहाल हम उपग्रहों को अलग करने और उन्हें पुनः डॉक करने के लिए 'सिमुलेशन' प्रयोग कर रहे हैं। हमने एक योजना तैयार कर ली है और 15 मार्च से वास्तविक प्रयोग शुरू करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हम कई प्रयोग करना चाहते हैं... हमारे पास तीसरे स्लॉट के लिए भी प्रयोग की योजना है जो दो महीने बाद उपलब्ध होगा।'' नारायण ने बताया कि 'स्पैडेक्स' मिशन कई भावी परियोजनाओं के लिए अहम है, जैसे कि चंद्रयान-4 और भारत अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण जिसमें 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकियों का उपयोग शामिल होगा।

## नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ संबंधी याचिका पर विचार करने से उच्चतम न्यायालय का इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने हाल में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से संबंधित एक याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। याचिका में दावा किया गया था कि भगदड़ में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है और न्यायालय भीड़ नियंत्रण के मुद्दे पर अधिकारियों के लिए दिशा-निर्देश जारी करे। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा, क्या 200 लोगों की मौत होने का कोई सबूत है? वकील ने दावा किया कि रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के कई वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपलोड किए गए थे और रेलवे ने वहां मौजूद गवाहों को नोटिस जारी किया है। पीठ ने कहा, वे व्यक्ति अदालत का रुख कर सकते हैं। पीठ ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता का मानना है कि संबंधित प्राधिकारी इस मुद्दे की उपेक्षा कर रहे हैं? वकील ने कहा कि यह याचिका राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम के उचित क्रियान्वयन और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रासंगिक नियमों के लिए दायर की गई है। पीठ ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायत लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय जा सकता है।

## बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की मदद करने वाले नेटवर्क पर कार्रवाई करे दिल्ली पुलिस : शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भारत में प्रवेश कराने में मदद करने वाले नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों और उप-संभागों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। शाह ने कहा कि शहर में अंतरराज्यीय




गिरोहों को सख्ती से खत्म करना दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के मामलों में ''ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक'' कार्रवाई की जानी चाहिए तथा ऐसे मादक पदार्थ तंत्र को खत्म किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बैठक में कहा, ''बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश में प्रवेश कराने, उनके दस्तावेज बनवाने और यहां रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। घुसपैठियों का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उनकी पहचान की जानी चाहिए और उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए।'' इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 26 साल के अंतराल के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली में 'डबल इंजन' की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्मीद के अनुरूप विकसित और सुरक्षित राजधानी के लिए दोगुनी गति से काम करेगी।

## जम्मू-कश्मीर : पीओके स्थित हिज्बुल के पांच आतंकियों की रामबन में संपत्ति जब्त

**बनिहाल/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के पांच आतंकियों की रामबन जिले के गूल इलाके में अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि संगलदान के सराज दीन (48), दलवाह के रेयाज अहमद (45), बंज भीमदस्सा के फारूक अहमद (46), मोइला के मोहम्मद अशरफ (50) और मुश्ताक अहमद (47) पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चले गए हैं और वहां से काम कर रहे हैं। प्रवक्ता के अनुसार, ये आतंकी अपनी संपत्तियों को बेचकर आतंकवाद के लिए धन जुटाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा, गूल क्षेत्र के इन पांच आतंकियों की अचल संपत्तियों की जब्ती आतंकवादी वित्तपोषण नेटवर्क को ध्वस्त करने और क्षेत्र में आतंकवाद की वापसी को रोकने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इससे यह सख्त संदेश जाता है कि पीओके में बैठे आतंकी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से बढ़ावा नहीं दे सकते। पुलिस के अनुसार, पांचों आतंकवादी हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त करने और भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पीओके चले गए थे। खुफिया रिपोर्टों में यह संकेत मिला कि वे अपनी अचल संपत्तियों को बेचने की फिराक में थे जिससे मिले पैसे का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को उकसाने के लिए किया जाना था। गूल के अनुभागीय पुलिस अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत, जब तक कि जम्मू-कश्मीर पुलिस या अन्य अधिकृत संस्थाएं इसकी अनुमति न दें तब तक, इन संपत्तियों की बिक्री, पट्टा या किसी अन्य प्रकार के लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।। प्रवक्ता ने कहा कि इस जब्ती से हिज्बुल मुजाहिदीन की फंडिंग पर सीधा असर पड़ेगा जिससे वह क्षेत्र में अपने प्रभाव को फिर से कायम नहीं कर पाएगा।

# मेरे लिए काम के घंटे नहीं, काम की गुणवत्ता महत्वपूर्ण: आकाश अंबानी



**मुंबई:** रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि उनके लिए किसी दफ्तर में बिताए गए कामकाजी घंटों से ज्यादा काम की गुणवत्ता मायने रखती है। अंबानी की यह टिप्पणी प्रति सप्ताह कार्यस्थल पर बिताए जाने वाले घंटों की संख्या को लेकर जारी बहस के बीच आई है। देश के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे ने कहा कि काम और परिवार दोनों ही उनके जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकताएं हैं और किसी व्यक्ति के लिए जीवन में अपनी प्राथमिकताओं को जानना बहुत महत्वपूर्ण है। आकाश अंबानी ने यहां 'मुंबई टेक वीक' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैं इसके बारे में (काम पर बिताए जाने वाले समय के बारे में) समय और घंटों की मात्रा के लिहाज से नहीं सोचता। यह आपके हर दिन किए जाने वाले काम की गुणवत्ता के बारे में है। भारतीय कंपनी जगत के अधिकारियों ने हाल के दिनों में कामकाजी घंटों को लेकर अलग-अलग राय जताई है। किसी ने हफ्ते में 90 घंटे तक काम करने और परिवार की जगह काम को प्राथमिकता देने की वकालत की तो किसी ने उन घंटों से मिलने वाले परिणामों के पक्ष में बात की है। वहीं एक तबका प्रति सप्ताह 50 घंटे से कम काम करने के पक्ष में है। अंबानी ने कहा कि उनकी कंपनी ने कृत्रिम मेधा (एआई) के मोर्चे पर मार्गदर्शन के लिए 1,000 से अधिक डेटा वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और इंजीनियरों की एक टीम बनाई है। उन्होंने कहा कि कंपनी जामनगर में एक गीगावाट क्षमता का डेटा सेंटर भी बना रही है, जो देश की एआई यात्रा में मदद करेगा।

# भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए 7.8 प्रतिशत वृद्धि की जरूरत: विश्व बैंक




**नयी दिल्ली:** भारत को वर्ष 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। विश्व बैंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विश्व बैंक ने 'एक पीढ़ी में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनना' शीर्षक से जारी अपने भारत देश ज्ञापन में कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को वित्तीय क्षेत्र के साथ भूमि एवं श्रम बाजारों में भी सुधार करने होंगे। वर्ष 2000 से 2024 के बीच भारत की औसत वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने को मान्यता देते हुए यह रिपोर्ट कहती है कि भारत की पिछली उपलब्धियां उसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है, हालांकि 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचना सामान्य स्थिति में संभव नहीं होगा... इसके लिए भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) को वर्तमान स्तरों से लगभग आठ गुना बढ़ाना होगा, वृद्धि को और तेज करना होगा और अगले दो दशकों तक ऊंचे स्तर पर बने रहना होगा। इस मुकाम को कुछ ही देश हासिल कर पाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, कम अनुकूल बाह्य वातावरण को देखते हुए, भारत को न केवल चल रही पहलों को जारी रखना होगा, बल्कि वास्तव में सुधारों का विस्तार और उनकी तीव्रता भी बढ़ानी होगी। हाल के वर्षों में, भारत ने देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने, बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, मानव पूंजी में सुधार करने और डिजिटलीकरण का लाभ उठाने के लिए कई संरचनात्मक सुधार शुरू किए हैं। इसके साथ ही व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी बढ़ावा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2047 तक उच्च आय तक पहुंचने के लिए आने वाले दशकों में भारत की वृद्धि दर वास्तविक रूप से औसतन 7.8 प्रतिशत होनी चाहिए... केवल 'त्वरित सुधार' पैकेज ही भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के रास्ते पर ला सकता है। विश्व बैंक के भारत में निदेशक ऑगस्त तानो कुआमे ने कहा कि चिली, दक्षिण कोरिया और पोलैंड जैसे देशों से मिले सबक बताते हैं कि उन्होंने मध्यम आय वाले देशों से खुद को किस तरह उच्च आय वाले देशों में सफलता-पूर्वक बदला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशकों में भारत ने उस पैमाने और गति से विकास किया है जिसके बारे में शायद ही किसी ने सोचा होगा।

## न्यूज अपडेट

### सोना 500 रुपये टूटकर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 2,100 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली:** आभूषण कारोबारियों की कमजोर मांग और निवेशकों की बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 500 रुपये घटकर दो सप्ताह के निचले स्तर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस साल अब तक सोने की कीमतें 8,310 रुपये या 10.5 प्रतिशत बढ़कर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई हैं, जबकि एक जनवरी को सोने की कीमतें 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थीं।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे टूटकर 87.37 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की गिरावट के साथ 87.37 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुख के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा कई देशों पर शुल्क लगाए जाने से वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता होने से अमेरिकी डॉलर सूचकांक में भी अस्थिरता हो गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.32 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.53 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक जाने के बाद कारोबार के अंत में 87.37 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 19 पैसे की गिरावट है।

### एएससीआई और ऑनलाइन गेमिंग उद्योग की साझेदारी, विदेशी सट्टेबाजी के विज्ञापनों से उपभोक्ताओं की सुरक्षा

**नयी दिल्ली:** कोलकाता, समाज्ञा ऐड्वर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने विदेशी संस्थानों की गैरकानूनी सट्टेबाजी और जुए से संबंधित विज्ञापनों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एएससीआई ने फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस), ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) और ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू 2 जनवरी 2025 से प्रभावी है और इसका उद्देश्य विदेशी सट्टेबाजी और जुए के विज्ञापनों की निगरानी करना है। इस साझेदारी के तहत एक विशेष निगरानी प्रकोष्ठ (मॉनीटरिंग सेल) का गठन किया गया है, जो इन विज्ञापनों की जांच करेगा और संबंधित मंत्रालयों को रिपोर्ट करेगा। एएससीआई ने अब तक 413 विदेशी सट्टेबाजी के विज्ञापनों को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पास भेजा है। एएससीआई की सीईओ मनीषा कपूर ने कहा, हम इस साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं और इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा करना है।

### ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज बरकरार रखा

**नयी दिल्ली:** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने शुक्रवार को 2024-25 के लिए भविष्य निधि जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बरकरार रखने का निर्णय किया। यह ब्याज पिछले वित्त वर्ष के बराबर है। ईपीएफओ ने फरवरी, 2024 में ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 में 8.15 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा, ''केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने शुक्रवार को अपनी बैठक में 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 प्रतिशत ब्याज देने का फैसला किया है।'' मंत्रालय ने बताया कि ब्याज दर को सरकार आधिकारिक रूप से अधिसूचित करेगी। इसके बाद ईपीएफओ सदस्यों के खातों में ब्याज दर जमा कर देगा। बयान के अनुसार, ब्याज दर पर निर्णय शुक्रवार को यहां केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की 237वीं बैठक में लिया गया।

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश: प्रधान

**चेन्नई :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि भारत 35.4 करोड़ डॉलर से अधिक के संयुक्त मूल्यांकन के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। मंत्री भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मद्रास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास प्रदर्शनी 'आईइनवेन्टिव' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।आईइनवेन्टिव शिक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे पहली बार 2022 में आईआईटी-दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसमें सिर्फ आईआईटी के प्रदर्शन शामिल थे। प्रधान ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भी निमंत्रण दिया और वैश्विक स्टार्ट-अप अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान संबंधों को मजबूत करने की मांग की। मंत्री ने कहा, भारत 2025 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बनकर उभरा है, जिसका संयुक्त मूल्यांकन 35.4 करोड़ डॉलर से अधिक है। तमिलनाडु हमेशा से नवाचार, उद्यमशीलता और उत्कृष्टता की भूमि रही है और इसने भारत को कुछ सबसे प्रतिभाशाली उद्यमी, नवोन्मेषक, वैज्ञानिक और शोधकर्ता दिए हैं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# भारत, इजराइल ने कृषि क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की



**नयी दिल्ली:** भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने शुक्रवार को कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच कृषि और संबधित क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के अवसरों के बारे में चर्चा की। बैठक में इजराइल के कृषि और खाद्य सुरक्षा मंत्री की आगामी यात्रा, उत्पादकता, सटीक सिंचाई, कटाई बाद के प्रबंधन और बाजार पहुंच के मुद्दों पर 20 राज्यों में उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) के प्रभाव को लेकर ध्यान केंद्रित किया गया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि चतुर्वेदी ने कृषि उपयोग के लिए सीवेज के पानी के पुनर्चक्रण के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के साथ-साथ प्रमुख व्यापार और अनाज भंडारण के मुद्दों का उल्लेख किया। चर्चा कृषि नवाचार, प्रौद्योगिकियों और बागवानी क्षेत्र में भारत-इजराइल सहयोग को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ समाप्त हुई।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर घटकर 635.72 अरब डॉलर रह गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण पिछले कई हफ्तों से मुद्राभंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों अनुसार, 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.25 अरब डॉलर बढ़कर 543.84 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

# निजी अस्पताल अगले वित्त वर्ष में 4,000 बिस्तर जोड़ने के लिए 11,500 करोड़ रुपये निवेश करेंगे



**नयी दिल्ली:** निजी अस्पताल अगले वित्तवर्ष में 4,000 बिस्तर जोड़ने के लिए लगभग 11,500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहे हैं। क्रिसिल रेटिंग्स ने यह कहा है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में लगभग 64,000 करोड़ रुपये के संयुक्त राजस्व वाले 91 निजी अस्प-तालों के विश्लेषण से लगभग 4,000 बिस्तर की वृद्धि का संकेत मिलता है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं ने चालू वित्त वर्ष में लगभग 6,000 बिस्तर जोड़े हैं। इसमें कहा गया है कि इन दो वित्त वर्षों में जोड़े गए बिस्तर वित्त वर्ष 2019-20 और 2023-24 के बीच जोड़े गए बिस्तर के बराबर होंगे। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, 'निजी अस्प-ताल चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में 25,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं, जो पिछले चार वित्त वर्षों में औसत वार्षिक निवेश से लगभग 80 प्रतिशत अधिक है।'' उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा आंतरिक स्रोतों से वित्त पोषित किया जाएगा। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि नए बिस्तर जोड़ने की परियोजनाओं का आधा हिस्सा नई परियोजनाओं के विस्तार से आएगा, जो नए स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश को बताता है। इसमें कहा गया है कि लगभग 40 प्रतिशत से पुरानी परियोजनाओं का विस्तार होगा, जो मौजूदा सुविधाओं के आधुनिकीकरण और अनुकूलन पर ध्यान केंद्रित करेगा।




वर्ष 9, पूर्णांक 4164 अंक 314, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in